संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....

24 जनवरी 2025, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 07, अंक - 116

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में मोबाइल प्रतिबंधित

उज्जैन। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में श्रद्धालुओं के मोबाइल ले जाने पर रोक लगाई गई है। भस्म आरती में मौजूद रहने वाले पुजारियों के संदर्भ में अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। पिछले काफी दिनों से उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में रील बनाने के मामले सामने आए हैं। इसके बाद से मोबाइल ले जाने पर रोक लगाने की की मांग उठ रही थी।

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने रांची के नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

महाकुंभ में मिले दुश्मन देशों के धर्मगुरु दे रहे शांति के उपदेश

यूक्रेन और रूस के 70 से ज्यादा लोग शिविर में रह रहे हैं एक साथ

एजेंसी

प्रयागराज । रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है, लेकिन दो आध्यात्मिक नेता, यूक्रेन के स्वामी विष्णुदेवानंद गिरिजी महाराज और रूस की आनंद लीला माता, महाकुंभ मेले में एक ही मंच से प्रेम, शांति और करुणा पर प्रवचन दे रही हैं। दुनिया के विभिन्न हिस्सों से भक्त उनके प्रवचन को सुनने के लिए इकट्ठा होते हैं। यूक्रेन और रूस के 70 से ज्यादा लोग शिविर में एक साथ रह रहे हैं और 100 से ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद है। इन संतों के उपदेशों में अक्सर पारंपरिक प्रार्थनाएं और दैनिक जीवन में आध्यात्मिकता को लागू करने के बारे में चर्चाएं शामिल होती हैं। दोनों आध्यात्मिक सत्य की सार्वभौमिक प्रकृति पर जोर देते हुए अपने देशों के व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हैं।

गिरिजी महाराज जिन्हें पहले वैलेरी के नाम से जाना जाता था, पूर्वोत्तर यूक्रेन के खार्किव शहर से हैं और अब जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर हैं। उन्होंने कहा कि विश्व शांति के लिए मेरा संदेश दो शब्दों में व्यक्त किया है। लोक संग्रहम और अरु पद्दै हमें लोक- समस्त- सुखिनो भवन्तु मंत्र को याद रखना चाहिए, जो सभी जीवों की भलाई और खुशी की कामना करता है। मानवता में सत्व ऊर्जा की कमी है। जब समाज, राष्ट्र और पृथ्वी पर ध्यान के जरिए से सत्व ऊर्जा फैलती है, तो दुनिया बेहतर के लिए बदलने लगती है और सत्य युग, स्वर्ण युग के आगमन के लिए मंच तैयार हो जाता है। आनंद माता को पहले ओल्गा के नाम से जाना जाता था, पश्चिमी रूस के निजनी नोवगोरोड से हैं। उन्होंने बताया कि कुंभ मेले में यह मेरी पांचवीं यात्रा है। पहली बार मैं महामंडलेश्वर पायलट बाबा के निमंत्रण पर यहां आई थी। 2010 में मैंने महामंडलेश्वर का पद स्वीकार किया और तब से मैं करीब हर कुंभ मेले में आती रही हूं। जब रूस और यूक्रेन के लोग सद्भाव में एक साथ बैठते हैं तो यह एक उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे आध्यात्मिक खोज राष्ट्रीय पहचान से परे लोगों को एकजुट कर सकती है। गिरिजी महाराज और आनंद माता दोनों विश्व शांति और युद्ध से प्रभावित देशों के उपचार के लिए विशेष प्रार्थना करते हैं। उनके संदेश की विशेष गूंज है क्योंकि उनके देश संघर्ष कर रहे हैं, जिससे दोनों पक्षों में भारी जानमाल का नुकसान हुआ है।

संगम में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ के पार

प्रयागराज । प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। यूपी सरकार ने गुरुवार को बताया कि महाकुंभ में गंगा स्नान के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 10 करोड़ के पार हो गई है। ये आंकड़ा आज दोपहर 12 बजे तक का है। महाकुंभ मेला 13 जनवरी को शुरू हुआ था और अभी 26 फरवरी तक चलेगा। आधिकारिक बयान के मुताबिक, तीर्थयात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, प्रतिदिन लाखों लोग स्नान करने और आध्यात्मिक पुण्य प्राप्त करने के लिए आ रहे हैं। स्नान पर्वों के दौरान यह संख्या करोड़ों में पहुंच जाती है। गुरुवार दोपहर 12 बजे 10 करोड़ का आंकड़ा पार हो गया, जो चल रहे महाकुंभ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

नेताजी की जयंती पर बोले प्रधानमंत्री

अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलें और विकसित भारत के लिए हों एकजुट

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस पर लोगों से विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होने की अपील की। ओडिशा के कटक में आयोजित कार्यक्रम को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित करते हुए उन्होंने नेताजी को याद किया और देश के लिए उनके योगदान को प्रेरणा का स्रोत बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि नेताजी ने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर आजादी के लिए संघर्ष किया। हमें भी विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना होगा। हमें उत्कृष्टता और दक्षता को अपनाते हुए खुद को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाना है। उन्होंने नेताजी द्वारा आजाद हिंद फौज के गठन

का जिक्र करते हुए कहा कि फौज में हर वर्ग और क्षेत्र के लोग शामिल थे, जिनकी भाषाएं अलग थीं, लेकिन उद्देश्य एक था- देश की आजादी। उन्होंने इसे विकसित भारत के लिए एकता की सीख बताया।

विकास और एकता पर जोर

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को भारत की एकता को कमजोर करने वाली ताकतों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा, कि हमें नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेकर एकजुट रहना होगा और उनकी भावना को जीवंत रखना होगा। उन्होंने बताया कि बीते दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। गांवों और शहरों में आधुनिक अवसंरचना का तेजी से विकास हो रहा है। इसके साथ ही भारतीय सेना की ताकत और विश्व मंच पर भारत की भूमिका में भी बड़ा बदलाव आया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत विकास की तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जाएगा। उन्होंने कहा, कि नेताजी की प्रेरणा से हमें एक लक्ष्य-एक ध्येय के साथ विकसित भारत के लिए काम करना है।

बिहार : डीईओ के यहां से दो करोड़ बरामद

एजेंसी

पटना । बिहार में बेतिया के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) रजनीकांत प्रवीण के यहां राज्य की विशेष निगरानी ईकाई ((एसयूवी) ने छापा मारा।वहां नोटों को ढेर मिला। उनके बेतिया स्थित घर से करीब दो करोड़ रुपए नकद बरामद किए हैं। वहीं अन्य चल व अचल संपत्ति की जानकारी भी मिली है। इसके बाद शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से डीईओ निलंबित कर दिया। एसवीयू के मुताबिक डीईओ रजनीकांत प्रवीण की करोड़ों की आय से अधिक अवैध संपत्ति का पता चला था। इसके बाद केस दर्ज कर गुरूवार को डीआईओ के बेतिया स्थित आवास समेत चार ठिकानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी में दो करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए।साथ ही अन्य स्थानों पर भी उनकी चल व अचल संपत्ति होने का पता चला है। टीमें अभी अवैध संपत्तियों का ब्यौरा खंगाल रही हैं।

उधर छापे की खबर मिलते ही बिहार सरकार एक्शन में आ गई। आनन-फानन में डीईओ रजनीकांत प्रवीण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।शिक्षा विभाग के निदेशक प्रशासन सुबोध चौधरी ने बताया कि रजनीकांत प्रवीण को आय से अधिक संपत्ति, गंभीर भ्रष्टाचार एवं घोर कदाचार के मामले के आरोप में निलंबित कर

दिया गया है। निलंबन के दौरान वह मुख्यालय स्थित क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, पूर्णिया प्रमंडल के कार्यालय से अटैच रहेंगे। इस दौरान उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। प्रवीण के खिलाफ बिहार सरकारी सेवक नियमावली, 2005 के प्रावधानों के तहत विभागीय कार्रवाई अलग से शुरू की जाएगी।

शिक्षा विभाग के 45 वें बैच के हैं अधिकारी

रजनीकांत प्रवीण बिहार शिक्षा सेवा के 45 वीं बैच के अधिकारी हैं। वह वर्ष 2005 में सेवा में शामिल हुए और दरभंगा, समस्तीपुर और बिहार के अन्य जिलों में शिक्षा अधिकारी के रूप में काम किया है। रजनी कांत प्रवीण की पत्नी सुषमा कुमारी एक संविदा शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपनी सेवा छोड़ दी थी। वर्तमान में ओपन माइंड बिड़ला स्कूल, दरभंगा की निदेशक हैं । आरोप है कि रजनीकांत प्रवीण द्वारा अवैध रूप से अर्जित धन के भी स्कूल में लगा है।

संक्षिप्त खबरें

चेक बाउंस मामले में फिल्म निर्देशक रामगोपाल वर्मा को तीन महीने की सजा

मुंबई । चेक बाउंस मामले में मशहूर फिल्म निर्देशक रामगोपाल वर्मा को तीन महीने की सजा हुई है। अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट में बीते सात वर्षों से इस मामले की सुनवाई चल रह थी हालांकि, वर्मा फैसला सुनने के लिए अदालत में पेश नहीं हुए थे। मजिस्ट्रेट ने आदेश दिया फैसले के दिन आरोपी गैरहाजिर रहा, उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया जाए और संबंधित पुलिस स्टेशन के माध्यम से गिरफ्तारी की जाए। मजिस्ट्रेट वाईपी पुजारी ने सजा सुनाते समय कहा- आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 428 के तहत किसी भी सेट-ऑफ का प्रश्न नहीं उठता है क्योंकि आरोपी ने ट्रायल के दौरान कोई समय हिरासत में नहीं बिताया।

कपिल शर्मा को जान से मारने की धमकी

मुंबई । कॉमेडियन कपिल शर्मा को पाकिस्तान से ई-मेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। कपिल के अलावा एक्टर राजपाल यादव, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा को भी धमकी दी गई। ई-मेल में लिख गया है- हम आपकी एक्टिविटी पर नजर बनाए हुए हैं। हम आपके ध्यान में सेंसेटिव मामला लाए हैं। ये कोई पब्लिक स्टंट या आपको परेशान करने की कोशिश नहीं है। हमारी आपसे रिक्वेस्ट है कि इसे बहुत गंभीरता से लें और गोपनीयता बनाए रखें।

अडानी के छोटे बेटे की शादी समारोह 7 फरवरी को

नई दिल्ली । अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के छोटे बेटे जीत अडानी की शादी की तैयारियां धूमधाम से चल रही हैं। जीत अडानी की शादी दिवा जैमिन शाह से होगी, और यह भव्य विवाह समारोह अहमदाबाद में 7 फरवरी को आयोजित होगा। दिवा जैमिन शाह के पिता, जैमिन शाह, सूरत के प्रमुख डायमंड कारोबारी हैं।

बजट में मिल सकता है नया इनकम टैक्स स्लैब, 10 लाख तक कमाई हो सकती है टैक्स-फ्री

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को 2025-26 का बजट पेश करते हुए आयकर देने वालों को बड़ी राहत दे सकती हैं। सूत्रों के अनुसार सरकार, 20 लाख रुपए तक कमाने वाले आयकरदाताओं को टैक्स में छूट दे सकती है। इसके लिए फिलहाल दो विकल्पों पर विचार हो रहा है। पहला- 10 लाख रुपए तक सालाना आय को टैक्स-फ्री करना और दूसरा- 15 से 20 लाख रुपए की आय वालों के लिए 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब बनाना। हालांकि यह छूट नए टैक्स रिजीम वालों को ही देने की तैयारी है।

फिलहाल, 75,000 रुपए के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ, सैलरीड पर्सन को 7.75 लाख रुपए तक आय पर टैक्स नहीं देना पड़ता। वहीं, 15 लाख रुपए से ऊपर आय वाले 30 प्रतिशत टैक्स स्लैब में आते हैं। सूत्रों के मुताबिक यदि ये विकल्प लागू होते हैं तो केंद्र सरकार को लगभग 50,000 करोड़ से 1 लाख करोड़ रुपए तक राजस्व का नुकसान हो सकता है।

ऐसे समय में जब, जीडीपी ग्रोथ धीमी है, आयकर छूट में राहत शहरी खपत बढ़ाएगी। इससे पहले 2023 के बजट में आयकर में राहत दी गई थी। तब नए टैक्स रिजीम वालों के लिए धारा 87ए में कर छूट बढ़ाकर 7 लाख रुपए तक की गई थी। हालांकि नए टैक्स रिजीम में ज्यादातर छूट का फायदा नहीं मिलता। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज के पूर्व सदस्य अखिलेश रंजन का कहना है कि सरकार को 15 लाख से 20 लाख रुपए तक की आय वालों के लिए 25 प्रतिशत का टैक्स स्लैब लाना चाहिए।

आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की निलंबन और पोस्टिंग पर भाजपा ने उठाए सवाल

एजेंसी

नई दिल्ली । बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने आज केंद्रीय कार्यालय नईदिल्ली में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के तहत चलनेवाली राज्य सरकारों पर बड़ा सवाल किया। श्री प्रसाद ने झारखंड की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद हेमंत सरकार द्वारा निलंबन वापसी करना और फिर पदस्थापन की प्रत्याशा में कार्मिक में पोस्टिंग करने पर बड़ा

निशाना साधा। कहा कि पूजा सिंघल को भ्रष्टाचार के आरोप में 28महीना पहले गिरफ्तार किया गया था।उनके सीए के पास से 16 करोड़ रुपये बरामद हुए थे... पीएमएलए अधिकारियों ने उनके पास से 36 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए थे।पिछले 28 महीने से जेल में रहने के बाद दिसंबर में उन्हें जमानत मिल गई और 21 जनवरी को उनका निलंबन वापस ले लिया गया और उन्हें बहाल कर दिया गया। उन्होंने कहा मेरा सवाल राहुल गांधी से है जो संविधान को हाथ में लेकर घूमते हैं...हम इसकी निंदा करते हैं और कांग्रेस की ओर से एक जवाब की मांग करते हैं।

रांची में बदमाशों ने पंचायत मुखिया को मारी गोली, घायल

संवाददाता

रांची । नामकुम थाना क्षेत्र में बदमाशों ने गुरुवार को एक पंचायत मुखिया को गोली मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल मुखिया को रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने नामकुम के हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप को अरविंद टेक्सटाइल के पास गोली मारकर फरार हो गए। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

पूरे मामले की जांच पड़ताल चल रही है। थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि मुखिया का अपने गांव में ही जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बंटवारे के विवाद को लेकर ही मुखिया पर फायरिंग की गई है। गोली मारने वाले बदमाशों की पहचान भी हो गई है। जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

वित्त मंत्री के कार्यक्रम में मधुमक्खियों का हमला, भाग कर बचाई जान

संवाददाता

पलामू । झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के निरीक्षण कार्यक्रम में मधुमक्खियों का हमला हुआ। इस घटना में कई अधिकारी और पत्रकार जख्मी हो गए। मंत्री को निरीक्षण कार्यक्रम बीच में ही रोक कर लौटना पड़ा। गुरुवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण पलामू जिले के पांकी प्रखंड में अमानत नदी बराज के अधूरे कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। बराज के पुल पर चढ़ कर जायजा ले रहे थे। अमानत बराज का निर्माण करीब दो दशक से लंबित है। नहर इलाके का मुआवजा समेत अन्य मामलों की जानकारी लेनी थी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर दोपहर अमानत बराज का निरीक्षण करने पहुंचे थे। प्रभावित ग्रामीण से बातचीत कर रहे थे। मुआवजा को लेकर चर्चा हो रही थी। बातचीत के क्रम में मंत्री एवं जल संसाधन

विभाग के अधिकारी पर आज का भौतिक जायजा लेने लगे। अचानक लोगों की भारी भीड़ देखकर मधुमक्खियां हमला करने लगी। मंत्री को अपना सर मफलर से ढकना पड़ा। तुरंत उन्हें गाड़ी में बैठाया गया और रवाना किया गया।

पूर्व सैनिक ने पत्नी की हत्या कर शव के टुकड़े कर कुकर में उबाला

एजेंसी

हैदराबाद । एक निर्दयी पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने पहले शव के टुकड़े किए फिर प्रेशर कुकर में डालकर उबाल दिया। फिर एक बैग में भरकर झील में फेंक आया। बची हुई हडिडयों को पीसकर उन्हे भी ठिकाने लगा दिया। हिरासत में लिए गए व्यक्ति का कहना है कि उसने शरीर के टुकड़ों को उबालने के बाद उन्हें झील में फेंक दिया। आपको बता दें कि महिला के लापता होने की सूचना करीब एक सप्ताह पहले मिली थी

और उसके माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।जिस व्यक्ति पर हत्या के आरोप लगे हैं वह सेना से रिटायर है। वर्तमान में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति पर अपनी पत्नी के साथ झगड़े के बाद अपराध को अंजाम देने का संदेह है।

वाराणसी में सरकारी संपत्तियों पर बने हैं मस्जिद, मजार, इमामबाड़ा व कब्रिस्तान: सर्वे

● सरकार की 406 संपत्तियों को वक्फ बोर्ड बताती है अपना

एजेंसी

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्थित कई मस्जिद, मजार, कब्रिस्तान और इमामबाड़े सरकारी सम्पतियों पर बने हुए हैं। इसमें नदेसर की चर्चित जामा मस्जिद भी है। जामा मस्जिद तालाब की जमीन पर बनी है। राज्य शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन के सर्वे में यह मामला सामने आया है। इन सम्पत्तियों को वक्फ बोर्ड ने अपने रजिस्टर में दर्ज भी किया है। एडीएम (वित्त एवं राजस्व) वंदिता श्रीवास्तव के अनुसार वाराणसी में सरकार की 406 संपत्तियों को वक्फ बोर्ड अपना बताती है। ये गाटावार सर्वे बीते वर्ष के अक्टूबर से दिसंबर माह में हुआ। सर्वे में तहसील प्रशासन के साथ राजस्व कर्मी शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन ने पूरी सर्वे रिपोर्ट राज्य शासन के अलावा हाई कोर्ट के आदेश पर गठित कमेटी के पास भी भेजा है। इसमें बताया गया है कि इन सम्पत्तियों का विवरण खतौनी में गाटा संख्या के नाम पर है। सर्वे के दौरान दस्तावेजों के आधार पर वक्फ बोर्ड की सम्पतियों की जानकारी जुटाई गई। इसमें खास तौर पर कितनी सरकारी संपत्ति को वक्फ बोर्ड ने अपनी संपत्ति बताई है। इन सभी भूभाग की स्थलीय निरीक्षण में उसकी वर्तमान स्थिति भी देखी गई कि वहां मस्जिद, कब्रिस्तान, मजार है या आबादी है। वक्फ बोर्ड के रजिस्टर में कुल 406 संपत्ति ऐसी दर्ज हैं, जो राज्य सरकार की संपत्ति है। इसमें बंजर जमीन, आबादी की जमीन, तालाब, खेत, चारागाह की जमीन भी हैं।

दिल्ली एसजी ने ओडिशा वारियर्स पर 3-2 से जीत दर्ज की

संवाददाता

रांची। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और एलोडी पिकार्ड के शानदार गोल की बदौलत गुरुवार को महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग में ओडिशा वारियर्स के खिलाफ शूटआउट में 3-2 से जीत दर्ज की। नवनीत कौर (28%) और यिब्बी जेनसन (35%) के गोलों की बदौलत दोनों टीमें निर्धारित समय के अंत तक 1-1 से बराबरी पर रहीं, लेकिन उसके बाद एसजी पाइपर्स ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की। एसजी पाइपर्स ने मैच का पहला मौका आठवें मिनट में बनाया जब

उनकी कप्तान नवनीत कौर ने सर्कल में शानदार दौड़ लगाई और गोल के पार स्लैपशॉट का विकल्प चुना, लेकिन गीता यादव गेंद को पकड़ नहीं पाईं। ओडिशा वॉरियर्स ने जल्द ही अपने आक्रामक इरादे जाहिर कर दिए, जब साक्षी राणा ने गोल के सामने मिशेल फिलेट के लिए एक शानदार पास दिया। फिलेट के पास गोल करने का मौका था, लेकिन बिचू देवी ने शानदार रिफ्लेक्स दिखाते हुए शानदार बचाव किया। साक्षी ने कुछ मिनट बाद एक और मौका बनाया, लेकिन शिलेइमा चानू खतरे को भांप चुकी थीं। एसजी पाइपर्स ने अपना हमला मुख्य रूप से बाएं किनारे पर केंद्रित किया और ऐसे ही एक मूव में चार्लोट वॉटसन को सर्कल के अंदर एक सुंदर लंबा पास मिला। उसने एक टाइट एंगल से टॉमहॉक करने का प्रयास किया, लेकिन उसका शॉट गोल के ऊपर से निकल गया।

निर्माण स्थल पर झूठा शिलापट्ट लगाए जाने पर भड़के पांकी विधायक

पलामू । पलामू जिले के पांकी प्रखंड के जीरो गांव में आदिम जनजाति के लिए बनाए जा रहे बहुदेशीय भवन में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। निर्माण कार्य में बंगला ईंट, थर्ड ग्रेड सीमेंट और बालू की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। पीलिंथ तक टेढ़ा-मेढ़ा बना दिया गया है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस योजना का शिलान्यास किसी जनप्रतिनिधि के द्वारा अबतक नहीं किया गया है। निर्माण स्थल पर झूठा शिलापट्ट लगा दिया गया है। शिलान्यास के बोर्ड पर शिलान्यास की तारीख लिखी जरूर है, मगर जिम्मेदार प्रतिनिधियों को इसकी जानकारी तक नहीं है। जब इस मामले में गुरूवार को स्थानीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता से सवाल किया गया, तो उन्होंने साफ कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। विधायक डॉ मेहता ने निर्माण स्थल पर झूठा शिलापट्ट लगाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति के विकास के लिए सरकार द्वारा काफी जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, लेकिन विभाग के अधिकारी और ठेकेदार की लापरवाही के कारण लोगों तक योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। बिना शिलान्यास कराए ही घटिया तरीके से निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो गंभीर बात है। विधायक ने बताया कि बालू की जगह डस्ट से निर्माण कार्य हो रहा है, जो भ्रष्टाचार की खुली चुनौती है। वहीं, जब संबंधित जेई से सवाल किया गया, तो उन्होंने गोलमोल जवाब देकर मामले से पल्ला झाड़ने की कोशिश की।

संविधान बचाने का काम कर रही है भाजपा : शशांक राज

चतरा । भाजपा युवा मोर्चा के जरिये गुरुवार को हमारा संविधान हमारा अभिमान विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हेरूआ में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ सुमन ने की। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने युवाओं को संबोधन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संविधान को हटाने का नहीं बल्कि बचाने का काम किया है। आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सम्मान भारतीय जनता पार्टी के कारण हो रहा है। भाजपा बाबा साहब को भारत रत्न प्रदान किया गया और भारतीय संसद में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुमन सौरभ ने कहा कि विरोधी पार्टी के जरिये संविधान का उपयोग करते देश भर में आपातकाल लगाया गया एवं भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस द्वारा लगातार बदनाम किया जा रहा है।

अर्पिता महिला मंडल ने सीसीएल मुख्यालय में मनाया खेल दिवस

रांची । अर्पिता महिला मंडल ने सीसीएल मुख्यालय, रांची में खेल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया। यह आयोजन अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह और माननीय सदस्याएं - श्रीमती रीता मिश्रा, श्रीमती इंदु मिश्रा, श्रीमती शशि दुहन और श्रीमती रूपा रानी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन ने सभी सदस्यों को खेल भावना और मस्ती से भरे दिन के लिए एकजुट किया। कार्यक्रम में बिलियड्र्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और कैरम जैसे विभिन्न इनडोर खेलों के साथ-साथ रोमांचक आउटडोर खेल भी आयोजित किए गए। सभी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा व प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों के प्रयासों को सराहा गया और उन्हें पुरस्कृत किया गया। यह आयोजन फिटनेस, खेल और उत्सव का यादगार दिन साबित हुआ।

पिंटू नायक की हत्याकांड का खुलासा, भाभी ने शूटरों की मदद से कराई थी हत्या

बोकारो । बोकारो पुलिस को जघन्य अपराधों के उद्भेदन के मामले में लगातार सफलता मिल रही है। हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत पिंटू नायक हत्याकांड का बोकारो पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बीते 13 जनवरी को पिंटू नायक की हत्या बोकारो स्थित उसके गांव मधुकरपुर में हुई थी।पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी ने मीडिया को बताया, पिंटू नायक की हत्या उसकी भाभी सुनीता देवी ने शूटरों की मदद से कराई थी। हत्या के एवज में शूटरों को 3 लाख देने की बात हुई थी, जिसमें डेढ़ लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया था।हत्या की मुख्य वजह संपत्ति विवाद है। एसपी ने बताया, मुख्य साजिशकर्ता सुनीता देवी , शूटर और रेकी करने वाले सहित कुल पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी निशानदेही पर हथियार और बाइक भी बरामद किया गया है।

साइबार अपराध से जुड़े मामले में सीबीआई ने हजारीबाग के सिरसी गांव में की छापेमारी

हजारीबाग । केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार को साइबार अपराध से जुड़े एक मामले में हजारीबाग जिले के ईचाक थाना क्षेत्र के सिरसी गांव में छापेमारी की। सीबीआई की यह टीम पटना से आई थी।सीबीआई की टीम ने यहां राजू प्रसाद कुशवाहा नाम के व्यक्ति के घर पर छापेमारी कर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। टीम ने कई घंटों तक गहन जांच-पड़ताल की, जिसमें स्थानीय पुलिस ने भी सहयोग किया। हालांकि, अधिकारियों ने इस कार्रवाई के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई साइबर अपराध से जुड़े एक बड़े मामले का हिस्सा है। सीबीआई की टीम विशेष रूप से पटना से इस छापेमारी के लिए पहुंची थी।माना जा रहा है कि जांच के दौरान और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। साइबर अपराध के खिलाफ सीबीआई की यह कार्रवाई उनकी निरंतर चल रही मुहिम का हिस्सा है, जिसके तहत वे देश भर में ऐसे अपराधों पर लगाम लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

रिश्वत लेते अंचल निरीक्षक रंगे हाथ गिरफ्तार

लातेहार । जिले के बरवाडीह अंचल में पदस्थापित अंचल निरीक्षक सुरेश राम को एसीबी की टीम ने गुरुवार को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया । सुरेश राम एक महिला से जमीन के मोटेशन के लिए रिश्वत ले रहे थे। इसी मामले में सुरेश राम को निगरानी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि बरवाडीह की एक महिला ने एसीबी पलामू की टीम से शिकायत की थी कि उन्होंने 30 डिसमिल जमीन खरीदी थी । इस जमीन के मोटेशन के लिए अंचल निरीक्षक सुरेश राम के द्वारा उनसे एक लाख रुपये रिश्वत मांग रहा है। एडवांस में 20 हजार रुपये मांग रहा है।शिकायत के बाद एसीबी की एक टीम बनी और पूरे मामले की अपने स्तर से छानबीन की जब मामला पूरी तरह सत्य पाया गया तो एसीबी की टीम ने आरोपित सुरेश राम को रंगे हाथ गिरफ्तार करने की योजना बनाई। गुरुवार को एसीबी की टीम ने महिला को केमिकल लगे पैसे देकर सुरेश राम के पास भेजा। आरोपित ने जैसे ही पैसे अपने हाथ में लिए वैसे ही एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

आईएएस अधिकारी के बेटे के तीन जन्म प्रमाण पत्र पर विवाद, भाजपा ने सरकार से पूछे सवाल

संवाददाता

रांची । रांची नगर निगम में एक आईएएस अधिकारी के बेटे के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा। इस मुद्दे को लेकर भाजपा ने प्रदेश सरकार से सवाल करते हुए निशाना साधा है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इस पूरे मामले पर सरकार से चार महत्वपूर्ण सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट किया है कि आईएएस अधिकारी राजीव रंजन के बेटे के एक जन्म प्रमाण पत्र को वैध माना गया है, जबकि अन्य को निरस्त कर दिया गया है। इस पर पहला सवाल यह है कि रांची नगर निगम ने तीन में से किस प्रमाण पत्र को वैध ठहराया और किन्हें रद्द किया? साथ ही, यह निर्णय किस आधार पर लिया गया कि कौन सा प्रमाण पत्र असली है और कौन सा फर्जी? दूसरा सवाल यह उठता है कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करते समय एक शपथ पत्र देना अनिवार्य होता है। यदि फर्जी शपथ पत्र दिया गया था, तो क्या नगर निगम ने संबंधित आईएएस अधिकारी के खिलाफ फर्जीवाड़े का मामला दर्ज किया है? तीसरा सवाल है कि नगर निगम के उस अधिकारी पर क्या कार्रवाई की गई जिसने तीन अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्र जारी किए और उन्हें सत्यापित किया? उन्होंने कहा कि चौथा और अंतिम सवाल यह है कि जिस ऊंचे पद पर संबंधित आईएएस अधिकारी वर्तमान में कार्यरत हैं, उनके खिलाफ विभागीय स्तर पर कौन सी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है? क्या ऐसे अधिकारी के भरोसे झारखंड का पूरा वित्त विभाग चलाया जाएगा? अजय साह ने आगे कहा कि झारखंड में कानून के राज का खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है। आम जनता और बड़े अधिकारियों के लिए अलग-अलग कानून लागू किए जा रहे हैं। यदि ऐसा फर्जीवाड़ा किसी सामान्य व्यक्ति ने किया होता, तो नगर निगम उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करता लेकिन चूंकि यह मामला एक बड़े अधिकारी से जुड़ा है, इसलिए निगम का रवैया नरम दिखाई दे रहा है। उन्होंने इस पूरे मामले को गंभीरता से जांचने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साह ने एसएससी और सीजीएल परीक्षा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह पूरी प्रक्रिया एक बड़ा धोखा और फर्जीवाड़ा है। उन्होंने सरकार को चुनौती दी कि यदि किसी भाजपा नेता की इसमें संलिप्तता है, तो ठोस सबूत पेश किए जाएं, न कि मनगढ़ंत आरोप लगाए जाएं। साथ ही, उन्होंने कहा कि यदि जेएमएम के अनुसार छात्रों के साथ खड़े होना उन्हें गुमराह करना माना जाता है, तो भाजपा इस तरह का गुमराह अगले पांच साल तक करती रहेगी।

स्वास्थ्य मंत्री से फार्मेसी काउंसिल को भ्रष्टाचार मुक्त करने का आग्रह

रांची । झारखंड फार्मेसी छात्र संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मुलाकात कर झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल को भष्टाचार मुक्त करने की मांग की। मुलाकात के दौरान फार्मेसी छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने फार्मासिस्टों की परेशानियों से अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल के निबंधक-सह-सचिव प्रशांत कुमार पांडेय की नियुक्ति गलत तरीके से की गई है। इसके साथ ही साथ काउंसिल के अध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह व दैनिकभोगी सचिन चतुर्वेदी पर मनमानी किए जाने का आरोप लगाया।प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि काउंसिल के अध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह, निबंधक-सह-सचिव प्रशांत कुमार पांडेय एवं दैनिक भोगी सचिन चतुर्वेदी के द्वारा अराजकता का माहौल बना दिया गया है।निबंधक-सह-सचिव प्रशांत कुमार पांडेय का निबंधन दो राज्यों बिहार एवं झारखंड में है, जो कि ड्रग एंड कास्मेटिक एक्ट 1940 एवं फार्मेसी एक्ट 1948 का उल्लंघन है। वहीं, यह भी आरोप लगाया कि सचिवालय के कुछ कर्मी की मिलीभगत से सरकार को गलत जानकारी दी जाती है, जिससे फार्मेसी प्रोफेशन के लिए राज्य में कुछ नया नहीं हो पाता है। इसको लेकर मंत्री ने सारी बातों को ध्यान से सुना एवं स्वास्थ्य सचिव से बात कर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

28 तक जैक अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं तो 29 को कोर्ट जाएगा मोर्चा

रांची। झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की नियुक्ति 28 जनवरी तक नहीं हुई तो वित्तरहित शिक्षक 29 जनवरी को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। झारखंड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष मंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मोर्चा न्यायालय में 25 लाख छात्रों के भविष्य को लेकर जनहित याचिका दायर करेगा। साथ ही, परीक्षाओं की अनिवार्यता को देखते हुए अविलंब अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के नियुक्ति करने का आदेश देने का आग्रह करेगा।अध्यक्ष मंडल का कहना है कि लगभग 25 लाख से ज्यादा बच्चों की परीक्षा जनवरी, फरवरी और मार्च में होने वाली है। उसके बाद तुरंत मूल्यांकन करना है। 28 जनवरी को 8 वीं की परीक्षा है, जबिक 29-30 जनवरी को नौवीं की परीक्षा होनी है। नौवीं की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 20 जनवरी से ही डाउनलोड होने वाला था, लेकिन यह शुरू नहीं हो सका है।मोर्चा ने स्पष्ट किया कि जैक से प्रश्न पत्र लेकर जाने वाले कर्मचारियों को अग्रिम भुगतान करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। सभी गोपनीय कार्य कोई देखने वाला नहीं है। शासी निकाय के गठन का कार्य रुक गया है। अगर शासी निकाय के पत्र स्कूल कॉलेज नहीं लगाएंगे तो अनुदान की राशि स्वीकृत नहीं हो सकेगी। अध्यक्ष मंडल की बैठक में कुंदन कुमार सिंह, रघुनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, फजलुल कादरी अहमद, नरोत्तम सिंह, देवनाथ सिंह, रघु विश्वकर्मा, अरविंद सिंह, मनीष कुमार, चन्द्रेश्वर पाठक, संजय कुमार, बिरसो उरांव, रेशमा बेक, मनोज तिर्की, रणजीत मिश्रा, मुरारी प्रसाद सिंह, मनोज कुमार, गणेश महतो उपस्थित थे।

हम सभी मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे: डॉ वासुदेव

भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ का अधिवेशन संपन्न

संवाददाता

रांची । गुरुवार को भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ का 27 वां प्रदेश अधिवेशन धुर्वा स्थित बाईबीएन स्कूल के प्रांगण में संपन्न हुआ।अधिवेशन का उद्घाटन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से वाई बी एन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ राम जी यादव, डॉ परमानंद मोदी, डॉ वासुदेव प्रसाद डॉ अंजेश, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के डॉ प्रदीप सिंह ने किया। अधिवेशन में झारखंड राज्य के सभी जिलों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया।सभी का स्वागत वाई बी एन पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ चांदनी नाथ ने किया।मुख्य अतिथि राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ वासुदेव प्रसाद ने कहा कि हम सभी मिलकर भारत को विकसित करेंगे। मुख्य वक्ता रांची विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो डॉ जंग बहादुर पाण्डेय ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बारे में विस्तार से बतलाया। अधिवेशन में नव वर्ष 2025 पर कैलेंडर का विमोचन सभी पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रम का संचालन ढ्वङ्क्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ परमानंद मोदी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ नथुनी सिंह ने किया। राष्ट्रगान के साथ अधिवेशन का समापन हुआ।

प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

चतरा । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगडा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रमुख मनीषा कुमारी, बीडीओ कलिंदर साहू, सीओ उदल राम, जिप सदस्य रामा भगत, चिकित्सा प्रभारी सुमित जायसवाल समेत अन्य ने फीता काटकर किया। शिविर में 403 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराए। डॉ सुमित कुमार जायसवाल, डा अमृत अनुप्रिया, डॉ अंजलि भगत, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ अशोक कुमार, वेद प्रकाश सहित अन्य के नेतृत्व में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन के 107 जांच किए गए। मोतियाबिंद के 112,दंत चिकित्सा के 50, आयुष चिकित्सा के 71, मलेरिया के 108, टीवी के 107, परिवार नियोजन के 71 जांच किए गए। 62 लोगों ने आयुष्मान कार्ड और 65 लोगों ने आधार कार्ड बनवाए। 63 लोगों का एचआईवी जांच भी हुआ।

जमीन कारोबारी मधुसूधन राय हत्याकांड का खुलासा, चार आरोपित गिरफ्तार

रांची । रांची के नामकुम थाना पुलिस ने जमीन कारोबारी मधुसूधन राय उर्फ मधु राय हत्याकांड में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मानवेल खलखो, अशोक सिंह, राज किशोर राय और दीपक कुमार राय के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, सात गोली, चार मोबाइल फोन, घटना में उपयोग बाइक बरामद की है। डीआईजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 15 दिसंबर 2024 को मधुसूधन राय की नामकुम थाना क्षेत्र के रिंग रोड पर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। टीम लगातार आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में आरोपितों के छिपे हुए होने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद डीएसपी अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम ने बड़ाकवाली से एक किलोमीटर उत्तर दिशा में जंगल से चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक आरोपित भाग निकला। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि आठ एकड़ जमीन संबंधी पुराने विवाद के कारण मधुसूदन राय की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। हत्या की योजना सितंबर 2024 से ही बनाई जा रही थी। आरोपित मानवेल खलखो एवं फरार आरोपित उमेश राय ने कुल 10 गोली चलाई थी। गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उमेश राय व गिरफ्तार दीपक राय, राज किशोर राय उर्फ गुड्डू राय व अन्य आरोपितों ने मधुसूधन राय पर 2008 में भी फायरिंग की थी। इस दौरान मधुसुदन की पत्नी की गोली लगने से मौत हो गई थी।

पुस्तक मेला में डॉ. शांति देवी की पुस्तक 'जीवन दर्पण' का हुआ लोकार्पण

रांची । रांची के स्थानीय जिला स्कूल मैदान में लगे राष्ट्रीय पुस्तक मेले में गुरुवार को डॉ. शांति देवी की पुस्तक 'जीवन दर्पण' का लोकार्पण हुआ। समय इंडिया और बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुस्तक मेले में डॉ. शांति देवी की नवीनतम पुस्तक 'जीवन दर्पण' कविता संग्रह का लोकार्पण विधायक सुरेश कुमार बैठा ने किया। विधायक बैठा का पुस्तक मेला परिसर में स्वागत समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण ने किया। कृति चर्चा में भाग ले रहे साहित्यकारों ने संग्रह की कविताओं को जीवन की हकीकतों से रूबरू कराने वाली कविताएं बताया। चर्चा में दलित विमर्श पर कविताओं के मुखर स्वर को सभी ने सराहा। खासकर कविता में महिलाओं की निरीहता और सबलता के चित्रण को रेखांकित किया। डॉ. शांति देवी की पृष्ठभूमि और लेखन को लेकर विमर्श में मानवता की पीड़ा और मौन की अभिव्यक्ति को सराहा गया। पुस्तक का प्रकाशन समय प्रकाशन, नई दिल्ली ने किया है। वहीं दूसरी ओर पुस्तक मेले के दूसरे सत्र में विराट कवि सम्मलेन संपन्न हुआ। मेले में विभिन्न स्टॉल्स पर जहां बच्चों, युवाओं और वरिष्ठों के लिए उनकी रुचि की असंख्य पुस्तकें उपलब्ध हैं वहीं नाट्य साहित्य और नाट्य लेखन में रुचि रखने वाले पाठकों के लिए पुस्तकों का अनूठा संसार यहां से वहां तक पसरा है। झारखंड झरोखा मेले में एक ऐसा स्टॉल है जहां पर आप राज्य से संबंधित तमाम उपयोगी पुस्तकों के साथ राजकमल प्रकाशन और वाणी प्रकाशन की चर्चित पुस्तकें खरीद सकते हैं। इन दोनों प्रकाशनों की वरिष्ठ और युवा नाटककारों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। वरिष्ठ नाटककारों जयशंकर प्रसाद, भीष्म साहनी, शरद जोशी, मोहन राकेश के चर्चित नाट्य संग्रह पढ़ने के लिए खरीद सकते हैं।

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर दिखेगी झारखंड की झांकी

रांची । 26 जनवरी को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी भी दिखेगी। इसमें झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां का पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को प्रदर्शित किया जाएगा।दरअसल, गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन किया गया है। झारखंड ने भी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली है। इस वर्ष झारखंड की झांकी में दिवंगत रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के साथ ही झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां का पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। इससे पहले वर्ष 2024 में गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर तसर सिल्क पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गई थी।

बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को कानून व्यवस्था पर घेरा

रांची । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि रांची के नामकुम प्रखंड स्थित हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप पर हमला प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मरांडी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के ऊपर बढ़ते जानलेवा हमले प्रदेश की कानून व्यवस्था का हाल बयां कर रहे हैं। कुछ माह पहले ही धुर्वा में पूर्व वार्ड पार्षद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बावजूद सरकार और पुलिस विभाग ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया।

रांची जेल के दो सुरक्षाकर्मियों को वाहन ने कुचला, एक की मौत और एक घायल

रांची । रांची के खेलगांव ओपी क्षेत्र के बाबा चौक के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने रांची जेल के दो सुरक्षाकर्मियों को कुचल दिया। घटना में एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई, जबकि दूसरा जेलकर्मी गंभीर रूप से घायल है। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार दोनों सुरक्षाकर्मी बाइक से बाबा चौक होते हुए रांची जेल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे सुरक्षाकर्मी समीर कुमार राय (49) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे सुरक्षाकर्मी चन्द्र देव गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। खेलगांव थाना प्रभारी चन्द्रशेखर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दोनों सुरक्षाकर्मियों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने समीर कुमार राय को मृत घोषित कर दिया। घायल चंद्रदेव का इलाज चल रहा है। समीर राय और चंद्रदेव भारतीय सेना से रिटायर होकर रांची जेल में बहाल हुए थे। दोनों कर्मी नामकुम के रहने वाले हैं। सुरक्षाकर्मियों को जिस वाहन ने कुचला है, अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरे को पुलिस खंगाल रही है ताकि चार पहिया वाहन का पता लगाया जा सके।

बेंगलुरु में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में शामिल हुईं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

रांची । जैविक खेती और अन्न को बढ़ावा देने के लिए कर्नाटक सरकार के 23 से 25 जनवरी तक बेंगलुरु में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का गुरुवार को उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुईं। उन्होंने यहां झारखंड के स्टॉल का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री तिर्की ने कहा कि झारखंड और कर्नाटक के बीच कई तरह की समानताएं है। खासकर मिलेट की बात करें तो दोनों राज्य में ये समान रूप से देखने को मिलेगा। पूरे देश में झारखंड और कर्नाटक ऐसे दो राज्य हैं जो मिलेट का उपयोग कर रहे हैं। बदलते समय में चावल और गेहूं को भी मुख्य आहार के रूप में लोगों ने अपनाया है। वैसे हमारे स्वास्थ्य और मौसम के लिहाज से मोटा अनाज जायदा फायदेमंद है। इसको आसानी से लगाया जा सकता है। चावल और गेहूं की तुलना में अब देश की सरकारें मोटा अनाज को बढ़ावा देने में जुटी हैं। मोटा अनाज की क्रांति हमारे आने वाले भविष्य के लिए जरूरी है। झारखंड और कर्नाटक मिलकर ऐसे किसानों को सहयोग कर सकते हैं जो मोटा अनाज के फसल से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में मिलेट पॉलिसी के तहत किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। झारखंड मिलेट मिशन के तहत किसानों को तीन हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

अवैध शराब बेचने पर तीन होटलों में छापेमारी, शराब जब्त

रामगढ़ । रामगढ़ डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर रजरप्पा थाना क्षेत्र के कुलही गांव में उत्पाद विभाग के जरिये छापेमारी की गई। यहां तीन होटलों में अवैध शराब की बिक्री हो रही थी। उत्पाद विभाग की ओर से की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया गया है। कुलही गांव में स्थित विभिन्न होटलों एवं ढाबा में गहन एवं व्यापक छापेमारी किया गया। जहां कुल 3 अभियोग दर्ज करते हुए 35 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 6.50 लीटर अवैध बीयर बरामद किया गया। जीतू महतो के होटल से 10 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 6.50 लीटर अवैध बीयर बरामद करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। गंगाराम महतो के होटल से 20 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए फ़रार अभियोग दर्ज किया गया। उमेश महतो के होटल में छापेमारी कर पांच लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने हत्या और लूट के दो अलग-अलग मामलों में की बड़ी कार्रवाई, छह अपराधी गिरफ्तार

सरायकेला । सरायकेला जिले के आदित्यपुर थाना पुलिस ने अपहरण का प्रयास और हत्या मामले में छः युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।जहां अपहरण और रंगदारी के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है। वहीं बीते 14 मई 2024 को टाटा स्टील गम्हरिया प्लांट में लोडर ऑपरेटर अभय सिंह हत्याकांड मामले में फरार चल रहे तीन युवकों को भी गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। अपहरण का प्रयास और लूट मामले में गिरफ्त में आए युवकों में गोलू कुमार सिंह, आदर्श कुमार और विकास राय शामिल है।इनके पास से पुलिस ने चार मोबाइल बरामद किए हैं।वही लोडर ऑपरेटर हत्याकांड मामले में पुलिस ने आकाश मुखी, सुमित मुखी और विकास योगी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बीते 20 जनवरी को की रात करीब 11 जोमैटो के डिलीवरी बॉय खकरा सोरेन से ऑटो क्लस्टर के समीप तीन- चार युवकों द्वारा मारपीट कर उसकी मोबाइल छीन ली गई थी।साथ ही उसके फोन से 1800 रुपए जबरन ट्रांसफर कराया गया था। अगले दिन छीने गए मोबाइल के माध्यम से डिलीवरी बॉय के परिवार वालों से 8000 रुपए की रंगदारी की मांग की गई थी।

श्री राम मंदिर उद्घाटन के प्रथम वर्षगांठ पर झखरा गांव में धार्मिक कार्यक्रम की धूम

ठाकुरगंगटी/ गोड्डा । जिले के ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत प्रचलित झखरा गांव में राम मंदिर उद्घाटन के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर वृहद रूप से पूजा पाठ किया गया। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बुधवार को झखरा युवा सेवा समिति की ओर से गांव के भव्य बजरंगबली मंदिर में विस्तार रूप से पूजा पाठ कराया गया। धार्मिक मंत्रोच्चारण, आस्था, विश्वास, भक्ति, भावना हर्षोल्लास के साथ पूरे दिन इस भव्य बजरंगबली मंदिर में कीर्तन भजन भी होते रहा। सामूहिक वार्षिक विशेष पूजा, अर्चना के बाद इलाके के तमाम श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना करना शुरू किया। इस मंदिर में आने वाले झखरा गांव, मानिकपुर पंचायत के साथ-साथ निकटवर्ती विभिन्न पंचायतों, पड़ोसी मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के श्रद्धालुओं, पड़ोसी राज्य बिहार के भागलपुर जिले के पिरपैंति आदि प्रखंड क्षेत्र के कई गांव के हजारों श्रद्धालुओं के बीच लड्डू और खीर प्रसाद वितरित की गई। भगवान रामचंद्र जी, बजरंगबली सहित अन्य देवी, देवताओं के जयकारे से गुंजायमान हुआ झगड़ा गांव। समिति के संचालक रुद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पूजा, पाठ प्रसाद वितरण, कीर्तन, भजन सहित सभी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भगवान श्री रामचंद्र जी की मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर भव्य रूप से पूजा, अर्चना,कीर्तन भजन,प्रसाद वितरण सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम किया गया। आने वाले समय में भी प्रत्येक वर्ष यह विशेष पूजा और वर्षगांठ के रूप में हर्षोल्लास, भक्ति, भावना, आस्था, विश्वास के साथ मनाया जाता रहेगा। इस अवसर पर समिति के संचालक रुद्र प्रताप सिंह, बंशीधर रमानी, सुंदर रमानी, शिव शंकर सिंह, पीयूष सिंह, ओम सिंह, अर्पित सिंह, अंकित सिंह, पप्पू सिंह, कृष्ण सिंह, सुमन सिंह, रोशन रमानी सहित झखरा गांव और मानिकपुर पंचायत के दर्जनों नवयुवकों के कार्यक्रम में भरपूर सहयोग किया।

नेताजी जयंती पर मैराथन दौड़ आयोजित, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

संवाददाता नाला (जामताड़ा) = हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा सैनिक संघ की ओर से नेताजी जयंती समारोह के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई है 7आज सुबह ही नेताजी के आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई वहीं 4.5 किमी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम विशाल किस्कु, द्वितीय आशीष राय तथा तृतीय स्थान पर लखीश्वर मुर्मू रहे वहीं युवा सैनिक संघ के पदाधिकारी तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा विजेता तीनों प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया 7 मालूम हो कि युवा सैनिक संघ इस वर्ष 2025 सिल्वर जुबली वर्ष मना रहा है7 इसी उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई है7 अज गुरुवार प्रातः 9ः00 बजे नाला इंटर कॉलेज में स्थापित नेताजी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गयाइसके अलावे क्विज, ड्राइंग, भाषण, नृत्य आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई मालूम हो कि इस भव्य कार्यक्रम के सफल आयोजन में संघ के संरक्षक महेश्वर घोष, सलाहकार संजीव कुमार ठाकुर,अध्यक्ष कमल पैतंडी, उपाध्यक्ष त्रिभुवन मिश्रा, महासचिव राजू दास, संयुक्त सचिव कुन्दन सिंह, कोषाध्यक्ष सागर बर्मन, सह कोषाध्यक्ष तापस भंडारी, प्रवक्ता रामकृष्ण दास, अभिजीत दां, दिपेश दां, सुमन मंडल, सागर दास, सचिन मित्र, अभिजीत दां, आकाश चक्रवर्ती, सुमन मंडल, सुमन भंडारी, प्रेम सागर ,दीपक मंडल आदि सदस्यों की सक्रिय भूमिका है।

श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर 28 को भूमि पूजन

नाला । नाला नेताजी स्टेडियम(कालीपाथर)में श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ तथा भागवत महायज्ञ को लेकर 28 जनवरी को भूमि पूजन की जाएगी इस आशय की जानकारी व्यवस्थापक डॉ०राधानाथ मंडल ने दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि महायज्ञ को लेकर 28 जनवरी को भूमि पूजन की जाएगी। बताया कि भूमि पूजन पुरोहित सुशील भट्टाचार्य के सानिध्य में की जाएगी वहीं महायज्ञ बनारस के पंडित आचार्य परमात्मा पांडे एवं अन्य सहयोगी पंडितों के द्वारा महायज्ञ सम्पन्न कराई जाएगी। जिसको लेकर सभी प्रकार की तैयारियां मंडप निर्माण आदि की जा रही है। मालूम हो कि यज्ञ के दौरान भव्य मेले का भी आयोजन किया जाएगा, जो कि वीरभूम सहित अन्य राज्य से मेले का आयोजन किया जाएगा। मालूम हो कि 6 मार्च से 14 मार्च तक 9 दिवसीय श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ तथा भागवत कथा अनुष्ठान के सफल क्रियान्वयन को लेकर हर प्रकार की तैयारी की जा रही है।

समाजसेविका ने नेताजी जयंती पर किया वस्त्र दान

गोड्डा । समर्थ सेवा क्लब की सक्रिय सदस्या पूनम रंजन ने गुरुवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर विभिन्न जगहों का भ्रमण कर जरूरतमंद लोगों के बीच सूती एवं ऊनी नए - पुराने वस्त्र का वितरण कर समाज के लिए एक मिसाल पेश किया। उनके इस पहल की सराहना करते हुए क्लब से जुड़े समाजसेवी सुरजीत झा ने इसे नेताजी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

कुंडहित में विभिन्न स्थानों में नेताजी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी

कुंडहित (जामताड़ा) = गुरुवार को कुंडहित मुख्यालय स्थित हटिया मैदान में, मॉडर्न पब्लिक आवासीय विद्यालय , संत माइकल एंग्लो विद्यालय, आदि स्थानों में धूमधाम के साथ नेताजी सुभाष चंद्र जयंती मनाया गया। हटिया परिसर में नेताजी के प्रतिमा में जुबान जन कल्याण समिति एवं बीडीओ जमाले रजा, सीओ सीताराम महतो आदि ने नेताजी के प्रतिमा माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर नेताजी की तस्वीर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री भजहरी मंडल माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यालय के सभी शिक्षक बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया। सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री भजहरी मंडल ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1857 ई को उड़ीसा राज्य के कटक नामक स्थान पर हुआ । उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। दिल्ली चलो आदि नारा देकर देशवासियों को जागृत किया था। उन्होंने बच्चों से कहा नेता जी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। नेताजी का देहांत बहुत ही रहस्यमय है। आज तक उनका ध्यान का रहस्यमई का पता नहीं चल पाया है। इस जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलकूद का आयोजन किया गया था जिसमें बिस्किट रेस गणित दौड़ गुब्बारा फोड़ वॉलीबॉल फुटबॉल आदि खेलों का आयोजन किया गया था। मौके पर विद्यालय के शिक्षक जाकिर अंसारी सुधीर सेन समीर किशोर पाल शिखा चौधरी निमाई मंडल गोपीनाथ मंडल जगाबंधु फौजदार जीवन माझी रजनीकांत फौजदार विद्या रत्न फौजदार नदिया नंदन धनंजय मंडल सुभाष रजक मालती मुर्मू झुंपा मंडल सुबोध कर आदि शिक्षकों के अलावे बच्चों उपस्थित थे। वहीं संत माइकल एंग्लो विद्यालय कुंडहित के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जुनियर और सीनियर विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग खेलों का आयोजन किया गया। खो ,100 मीटर,200 मीटर दौड़, बिस्कुट रेस, लॉन्ग जंप ,हाई जंप आदि खेलों का आयोजन किया गया। सभी खेल कलाम हाउस, बिरसा हाउस,भीम हाउस, और टैगोर हाउस के बीच खेला गया। क्रिकेट मैच में भीम हाउस ने बाजी मारी वही कबड्डी में कलाम हाउस की लड़कियों ने बाजी मारी।

बाइक दुर्घटना में एक युवक घायल

साहिबगंज। जिले के बोरियो प्रखंड के मझौना में गुरुवार को बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल तालझारी के लखिपुर के मंगल मुर्मू का पुत्र सुशील मुर्मू(25) है। जानकारी के अनुसार युवक बाइक से किसी काम के सिलसिले से जा रहा था। इसी दौरान बोरियो के मझौना में में बाइक असंतुलित होकर पलट गया। इसमें बाइक सवार युवक घायल हो गया। वही घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

चित्तरंजन में बच्चों की चित्रांकन प्रतियोगिता

चित्तरंजन = रेल नगरी चित्तरंजन के एरिया 3 स्थित पैट्रोल पंप के सामुदायिक भवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत में वक्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता संग्राम में उनके महान योगदान का स्मरण किया। उन्हें एक सच्चे राष्ट्रभक्त के रूप में सम्मानित करते हुए कहा गया कि उनके साहसिक नेतृत्व और समर्पण ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। वक्ताओं ने नेताजी के व्यक्तित्व और उनके बलिदान की सराहना की। जयंती समारोह में एक और खास आकर्षण बच्चों के लिए आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता था। प्रतियोगिता में बच्चों को चार अलग-अलग ग्रुप्स - ग्रुप ए, ग्रुप बी, ग्रुप सी और ग्रुप डी में बांटकर उनके चित्रकला कौशल का मूल्यांकन किया गया। विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने अपने अद्वितीय चित्रों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया, जो कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण बन गया। समारोह में चिरेका एपीओ अमिताभ चक्रवर्ती, वॉइस वार्डेन विद्युत कुमार दास, मान सिंह महतो, स्ट्रीट मेंबर सह उप वाईस वार्डेन परमात्मा नंद वर्मा, समीर पौल, गौतम मांझी, रूद्र घोष, सुजित राय, सतीश सिंह, पंकज कुमार सिंह, उमा शंकर झा और मान सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट,एक महिला समेत दो घायल

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज शहर के सकरोगढ़ में गुरुवार की सुबह चार बजे जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसमे दोनो पक्ष के महिला समेत दो लोग घायल हो गई। दोनो घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती का कराया है। इसमे एक पक्ष के जैनुल अंसारी के हसीना खातून (54) है। जबकि दूसरा पक्ष के मंजूर आलम का पुत्र मंजर आलम(25) है। घायल महिला ने दूसरे पक्ष के मंजूर आलम, पुत्र मंजर

भव्य कलश यात्रा के साथ शिव पुराण कथा का आयोजन

बरहरवा । गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय के समीप कुशवाहा टोला में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं दिव्य श्री शिव महापुराण कथा प्रथम दिन 1008 कन्याओं भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा के दौरान का कथा व्यास श्री संजय कृष्ण जी महाराज के साथ मुख्य यजमान सुनील कुमार, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंगी यादव,बीजेपी के साहेबगंज जिलाध्यक्ष उज्जवल मंडल, समाजसेवी सुमन कुमार,निवर्तमान न.पं. उपाध्यक्ष लोकेश कुशवाहा, युमन महतो, मुकेश कुशवाहा एवं अन्य लोगों ने श्री शिव महापुराण. बाल गोपाल एवं महादेव को लेकर नगर का भ्रमण किया। कलश यात्रा में महिलाओं एवं बच्चों ने भी जोर-शोर से भाग लिया। वहीं स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पर कलश यात्रा का स्वागत किया एवं शर्बत-जल इत्यादि के साथ कलश यात्रा में शामिल लोगों की सेवा की। किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिये आयोजन समिति के द्वारा काफी संख्या में अपने स्वयंसेवकों को तैनात किया गया। कलश यात्रा के दौरान हर-हर महादेव, जय श्री राम,भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग कथा श्रवण कर पूण्य का लाभ अर्जित कर सके। कथा स्थल समिति के द्वारा कथा स्थल पर लोगों की सुविधा के लिये मुआलय, जल-सेवाइत्यादि की भी व्यवस्था की गई है। वही कथा स्थल पर बच्चों मनोरंजन के लिए तारामाची, ट्रैम्पोलिन, चाय-नास्ता, गुफचुप आदि की दुकानें भी लगाई गई है।

रेलवे बोर्ड सदस्य ब्रज मोहन अग्रवाल ने , कारखाने के कार्यों ,योजनाओं पर चर्चा की

चित्तरंजन। रेलवे बोर्ड के सदस्य ब्रज मोहन अग्रवाल ने चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना का दो दिवसीय दौरा किया। यह दौरा चिरेका की कार्यप्रणाली और विकास योजनाओं की समीक्षा करने के लिए आयोजित किया गया। दौरे के पहले दिन, 22 जनवरी को, श्री अग्रवाल ने प्रशासनिक भवन में स्थित देशबंधु चित्तरंजन दास की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद, उन्होंने महाप्रबंधक विजय कुमार और प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की, जिसमें कारखाने की विभिन्न योजनाओं और कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। दूसरे दिन, 23 जनवरी को, श्री अग्रवाल ने चिरेका के विभिन्न शॉप्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्हील शॉप, शेल शॉप, बॉगी शॉप, टीएम शॉप और शॉप संख्या 16 और 19 का दौरा किया। उनके साथ महाप्रबंधक विजय कुमार, कार्यकारी निदेशक अविनाश सिंह कुशवाहा, प्रधान मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर एस.के. वर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इसके बाद, श्री अग्रवाल ने गणपति मेमोरियल में पौधारोपण किया और चिरेका के देशबंधु हेरिटेज लोको पार्क का दौरा किया। वहां उन्होंने हेरिटेज गैलरी और अमृत डिजिटल गैलरी में प्रदर्शित लोकोमोटिव के गौरवमयी इतिहास का अवलोकन किया। दौरे के अंतिम चरण में, श्री अग्रवाल ने प्रशासनिक भवन में अधिकारियों के साथ एक बैठक की और उनके कार्यों की सराहना की। इस दौरान रेलवे यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

पराक्रम दिवस पर सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज जिले के विद्या भारती विद्यालय, जो कीजमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। के वंदना कक्ष में ÷पराक्रम दिवस÷ के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई।जयंती समारोहका आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदेव राम,सभी आचार्य जी/दीदी जी एवं कक्षा प्रथम से नवम के कक्षा नायक के द्वारा नेताजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए रामदेव राम ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी नेता एवं सच्चे देशभक्त थे।नेताजी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था।मातृभूमि को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्त करने के लिए उन्होंने अपनी सेना÷आजाद हिंद फौज÷बनाने का रास्ता चुना।आचार्य अजय कुमार ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस ने नारा दिया था÷तुम मुझे खून दो,मैं तुम्हें आजादी दूंगा। आज भी देश के हर नागरिक व युवाओं के दिलों पर अंकित है।यह नारा राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता,कर्तव्य और जिम्मेवारी का एहसास कराता है।कक्षा सप्तम के भैया कुणाल उपाध्याय एवं कक्षा षष्ठ के भैया किट्टू ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।जयंती समारोह का संचालन आचार्य अमित कुमार ने किया।जयंती समारोह में विद्यालय के सभी आचार्य जी/ दीदी जी एवं कक्षा प्रथम से नवमके भैया/बहन उपस्थित थे।

सीनियर क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट

यंग बॉयज क्रिकेट क्लब ने 5 विकेट से जीता मैच

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज। जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में गुरुवार को यंग बॉयज सीसी बनाम द न्यूबीज के बीच मैच खेला गया।द न्यूबीज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.1 ओवर में 141 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सुमन कुमार ने 52, शहनवाज ने 17, नवीन ने 11, समीर कुरैशी ने 35 व आदित्य ने 10 रनों की पारी खेली। यंग बॉयज क्रिकेट क्लब के गेंदबाज दीपक ने 2, पवन ने 2, कुश तिवारी, रजनीश आनंद, शत्रुघन यादव, श्याम रंजन तिवारी ने 1-1 विकेट लिया। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी यंग बॉयज क्रिकेट क्लब की टीम ने 18.2 ओवर में 5 विकेट पर 143 रन बना कर 5 विकेट से मैच जीत लिया। पवन ने 13, सुमन कुमार ने 14, कुश तिवारी ने 51, दीपक ने 21, सत्री कुमार ने 10 रन बनाए। दी न्यूबीज के गेंदबाज सुमन राज ने 2, रवि, पीयूष व शहनवाज ने 1-1 विकेट लिया। यंग बॉयज क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी कुश तिवारी को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि सीनियर क्रिकेटर सतीश सिन्हा ने कुश तिवारी को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग सागर सुमन ने किया। मौके पर टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राकेश कुमार रोशन, मो जुनैद, आदित्य ज्ञान व अन्य मौजूद थे।

राज्य स्थापना दिवस को लेकर झामुमो की बैठक

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज। शहर के मछुआ सोसायटी स्थित सभागार में गुरुवार को झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस दौरान राज्य स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। वहीं वृहद पैमाने पर जिला भर में सदस्यता अभियान चलाने पर चर्चा की गई। इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। मौके पर झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, शाहजहां अंसारी, संजीव साधू हेंब्रम, राजा राम मरांडी, अब्दुल कादिर, अरुण सिंह, सुरेश साह, सुरेंद्र यादव, सुरेश टुडू, प्रो मोजम्मिल, राजू अंसारी, गोपाल यादव, शकील, सिद्दीक, महताब, नुमान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस पर गायत्री शक्तिपीठ में होगा बाल प्रतियोगिता

साहिबगंज/अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री शक्तिपीठ में गणतंत्र दिवस के मौके पर बाल प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। विजित बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजीत कुमार चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। निर्णय लिया गया कि राष्ट्रगान, नृत्य, कविता पाठ एवं संभाषण प्रतियोगिता बच्चों के बीच गणतंत्र दिवस को आयोजित किया जाएगा। इन चार अलग-अलग विधाओं में प्रथम तीन अव्वल स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में देवालय प्रबंधन समिति के संचालन प्रभारी सरिता पोद्दार शक्तिपीठ व्यवस्थापक हरिहर प्रसाद मंडल डॉ दीपक कुमार पंकज पोद्दार कल्याण श्रीवास्तव शिवशंकर निराला चारु रानी अनु गुप्ता आदि मौजूद थे।

चाचा भतीजा में मारपीट, चाचा घायल

साहिबगंज। गुरुवार को जिले के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी फाटक नजदीक ग्राम पोखरिया में आपसी विवाद को लेकर चाचा भतीजा में मारपीट हो गई।जिसमें वृद्ध चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।वहीं मामले में घायल दिलीप कुमार साह(59) ने अपने भतीजा पर आरोप लगाते हुए कहा कि घर के पास ही वे अपना टोटो बना रहा था। इस दौरान उसका भतीजा आकर उसके साथ कहासुनी करने लगा। कहासुनी होते होते उसका भतीजा टोटो के शॉकर से प्रहार कर दिया। इसमे वृद्ध के सिर व हाथ में गंभीर चोट लगी है। वही घायल वृद्ध का इलाज सदर अस्पताल में भर्ती है। उधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नेताजी ने भारतीयों को देश के लिए जीने का जज्बा सिखाया - निताय सरकार

संताल एक्सप्रेस बरहड़वा = जिला अध्यक्ष बरकत खान के निर्देशानुसार बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 03 के बसीर गैरेज स्थित बरकत खान के निजी कार्यालय प्रांगण में प्रखंड महासचिव नितय सरकार की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी का जयंती मनायी। साथ ही मुख्यातिथि के तौर पर जिला महासचिव मिठुन कुमार मंडल उपस्थित रहे।सर्व प्रथम नितय सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया साथ ही दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।उपस्थित कांग्रेस प्रेमियों को संबोधित करते हुए प्रखंड महासचिव नितय सरकार ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस वह शख्सियत थे, जिन्होंने विदेशों में जाकर भारतीयों की चेतना को झकझोर कर जगाया। विदेशों में मौजूद भारतीय सैनिकों को संगठित किया। नेताजी ने भारतीयों को देश के लिए जीने का जज्बा सिखाया और देश के लिए मरने का मकसद दिया। मौके पर प्रदेश समन्वयक अश्विनी आनन्द, प्रखण्ड उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी अनंतलाल भगत, नगर उपाध्यक्ष छोटेलाल रमानी, संतोष राम, थोमस रॉबर्ट,अर्जुन रविदास, राजू देव के लिए,राकेश सेख, विक्की कर्मकार, जयंतो साह सहित दर्जनों कार्यकर्गण एवं कांग्रेस प्रेमीगण उपस्थित थे।

भाजपा नेता ने चार दिवसीय बाउल गान का किया उद्घाटन

उधवा। प्रखंड क्षेत्र की श्रीधर दियारा पंचायत अंतर्गत स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मैदान परिसर में आयोजित चार दिवसीय बाउल गान का उद्घाटन गुरुवार को भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल, मुखिया तमाल मंडल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान भाजपा नेता बजरंगी प्रसाद यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में भगवान राम की एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रीधर में बाउल गान का आयोजन किया गया है।उन्होंने बताया कि बीते 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण के साथ राम की बाल स्वरूप प्रतिमा का अनावरण किया गया था।वही कहा कि भगवान राम विष्णु के अवतार थे। बाउल गान भगवान कृष्णा को समर्पित है।भगवान विष्णु के आठवें अवतार भगवान कृष्ण के रूप में पृथ्वी पर अवतार लिए थे।कहा की इस तरह का आयोजन करने से क्षेत्र में ईश्वरीय भक्ति के प्रति लोगों में रूचि उत्पन्न होती है।उन्होंने बाउल गान आयोजन करने के लिए कमेटी के साथ क्षेत्र वासियों को धन्यवाद दिया।मौके पर भाजपा नेता पंकज घोष,संदीप घोष,राहुल मंडल, रोहित कुमार यादव, पवन सिंह सहित कमेटी के सदस्य गण मौजूद थे।

सदर प्रखंड इकाई चुनाव को लेकर मजदूर संघ की बैठक

साहिबगंज गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित तारा मंदिर रेलवे इंस्टिट्यूट के बगल में झारखंड मजदूर संघ (प्रजा०) के जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक किया गया।बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे।बैठक में साहिबगंज सदर प्रखंड इकाई का चुनाव संपन्न हुआ।जिसमें प्रखंड अध्यक्ष शत्रुघन यादव,महामंत्री मोहम्मद जावेद अख्तर को चुना गया।वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती माला पहनकर उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।वही जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव ने कहा कि आगामी 26 जनवरी को झारखंड मजदूर संघ के जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय में झंडा फहराने का निर्देश दिए गए।साथी जिला कमेटी की बैठक आगामी 31 जनवरी मछुआ सोसाइटी में होगी।इस बैठक मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी,केंद्रीय कार्य समिति सदस्य मनोज खुडानिया,ब्रह्मदेव यादव चंचल यादव सुनील गुप्ता अजय कुमार,मनोज सोरेन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल में खेल-कूद कार्यक्रम

मिहिजाम। ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने नेताजी के जीवन और उनके राष्ट्र सेवा में योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने उनके अद्वितीय नेतृत्व को सराहा और उनके संघर्षपूर्ण जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रस्तुत किया। विद्यालय में आयोजित खेल-कूद प्रतियोगिताओं ने इस दिन को और भी खास बना दिया। रीले रेस, बिस्किट रेस, गणित रेस, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट सहित कई खेलों में बच्चों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी टीम भावना और खेलकूद के प्रति उत्साह को प्रदर्शित किया। इस दिन को और भी खास बनाने के लिए एक प्रभात-फेरी भी आयोजित की गई, जिसमें छात्र नेताजी के प्रेरणादायक नारों को दोहराते हुए विद्यालय परिसर में मार्च किए। इस आयोजन की सफलता में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामनिवास सिंह और शिक्षिकाओं सहित अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मामूली विवाद को लेकर मारा चाकू,घायल

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज जिले के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के नया टोला निवासी आयुष कुमार पिता लक्ष्मन सिंह 18 वर्षीय को उसी के दोस्तो ने मिलकर गुरुवार की सुबह चाकू मार दिया।जिससे वह घायल हो गया।आनन फानन में उसे उप मुखिया प्रतिनिधि द्वारा थाना में सूचना देते हुए इलाज हेतु साहिबगंज सदर अस्पताल पहुंचाया।मामले में विस्तृत जानकारी देते हुए घायल आयुष कुमार ने बताया कि बीते बुधवार को उनका साथ उनके ही दोस्त शनि कुमार पिता श्रवण पासवान के साथ बातों ही बातों में हल्की मारपीट हो गई थी,जिसके बाद उसने घायल को ना सिर्फ धमकी दी,बल्कि गुरुवार की सुबह तकरीबन 8 बजे जब घायल अध्ययन करने ट्यूशन जा रहा था।तो उसे बहाने से बुलाकर अपने साथियों के साथ मिलकर उसपर चाकू से वार कर फरार हो गए।वहीं चाकू लगने से आयुष कुमार के गले रक्त की धारा बहने लगी।वही मामले को लेकर मिर्जाचौकी पुलिस ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल का फर्स्टएड करते हुए पुलिस वाहन से अस्पताल पहुंचाते हुए मामले की छानबीन में जुट गई है।

पूर्व रेलवे

सं. ओ-एसी-टी-193 खोन 196-24-25 (खुला), दिनांक 21.01.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल,पिन-713301 द्वारा नीचेलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-193-24-25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल ... **निविदा मूल्य:** रु. 1,89,52,436.23, **बयाना राशि:** रु. 2,44,800/-, **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीने। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-194-24-25, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल ... **निविदा मूल्य:** रु. 3,50,38,630/-, **बयाना राशि:** रु. 3,25,200/-, **क्रम सं. 3, केस सं. ओ-एसी-टी-195-24-25, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल ... **निविदा मूल्य:** रु. 17,91,31,250.38, **बयाना राशि:** रु. 10,45,700/-, **क्रम सं. 4, केस सं. ओ-एसी-टी-196-24-25, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल ... **निविदा मूल्य:** रु. 6,01,46,942.06, **बयाना राशि:** रु. 4,50,700/-, **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीने (क्रम सं. 2 3 और 4 मिलित)। **बोली बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 17.02.2025 दिनांक 12.00 बजे। पूरा विवरण दो रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

ASN-306/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हमें फॉलो करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

10 लाख तक की आय, कर से मुक्त?

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण 1 फरवरी को संसद में बजट पेश करेंगी। बजट को लेकर आम लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कारपोरेट जगत में घबराहट फैली हुई है। माना जा रहा है, इस बार सरकार आयकर में राहत देकर मध्यमवर्गीय परिवारों को मलहम लगाने का काम करेगी। सरकार 10 लाख रुपए तक की आय को टैक्स फ्री करने पर विचार कर रही है। छूट के नये स्लेव बनाए जाने को लेकर विचार विमर्श चल रहा है। जिन लोगों की आय 10 लाख तक की होगी, उन्हें टैक्स से छूट मिलेगी। 10 से 20 लाख रुपए तक की आय वालों के लिए टैक्स की दर कम करने पर विचार चल रहा है। वर्तमान में 7.75 लाख रुपए की आय वालों को टैक्स से छूट है। अब इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने का प्रावधान इस बजट में आ सकता है। केंद्र सरकार इस बार रेलवे का बजट 3 लाख करोड़ तक ले जा सकती है। इस समय रेलवे पर बड़ा दबाव है। गरीब एवं मध्यम वर्ग के लिए नई नान एसी ट्रेन चलाने तथा रेलवे में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने को लेकर इस बार बजट में वृद्धि होगी। पिछले बजट में रेलवे को 2.65 लाख करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया था। इस बार इसे बढ़ाकर 3 लाख करोड़ से ऊपर ले जाने की कोशिश हो रही है। वित्त मंत्रालय ने रेलवे को 2.52 लाख करोड़ का आवंटन होने के बाद भी रेलवे द्वारा मात्र 76 फ़ीसदी राशि खर्च की गई है। इसको लेकर रेलवे मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों में लगातार बैठकें हो रही हैं। वर्ष 2024-25 में सरकार ने बजट में जो प्रावधान किए थे, उससे कम राशि वित्त मंत्रालय ने विभागों को आवंटित की है। वह राशि भी विभाग खर्च नहीं कर पाए हैं। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बजट को लेकर हो रहे हैं। मोदी सरकार के 10 सालों में देसी और विदेशी कर्ज 7 लाख मिलियन से अधिक पर पहुंच गया है। मनमोहन सिंह सरकार की समय से यह चार गुना ज्यादा है। भारत के ऊपर इतने बड़े पैमाने पर कभी कर्ज नहीं रहा। केंद्र सरकार के बजट की लगभग 30 फ़ीसदी राशि ब्याज और किस्तों के रूप में खर्च हो रही है। आर्थिक मंदी और शेयर बाजार की लगातार गिरावट के कारण जीएसटी और अन्य माध्यम से सरकार की आय में गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है। ऐसी स्थिति में वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और मोदी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। दिल्ली विधानसभा चुनाव का मतदान 5 फरवरी को है। इसके बाद बिहार का चुनाव इस साल के आखिरी में है। इसके बाद 2 साल तक कोई बड़े चुनाव नहीं हैं। इस स्थिति को देखते हुए यह भी कहा जा रहा है कि सरकार की आर्थिक स्थिति जिस हालत में है उसको देखते हुए बजट से ज्यादा आशा करना व्यर्थ है। सरकार को अपने वित्तीय संतुलन को बनाए रखने के लिए जीएसटी एवं अन्य टैक्स को बढ़ाने का दबाव है। जिस तरह से आर्थिक विकास दर घट रही है, घरेलू उपभोक्ता मांग लगातार कम होती जा रही है। ऐसी स्थिति में सरकार दो पाटों के बीच में फंस गई है। घरेलू मांग बढ़ाने के लिए सरकार को बाजार में ज्यादा से ज्यादा पैसा उपलब्ध कराना होगा। आय की तुलना में खर्च बढ़ने से सरकारी खजाने पर दबाव देखने को मिल रहा है। खर्च की तुलना में राजस्व में कमी होने के कारण सरकार को लगातार कर्ज उठाना पड़ रहा है। केंद्र सरकार का कर्ज भी उच्चतम सीमा पर पहुंच गया है। विश्व बैंक से लगातार चेतावनी आ रही है।

बेटी बचाओ के सरकारी दावों पर सवाल है बीस हज़ार में दुल्हन की बिक्री

मनोज कुमार अग्रवाल

देश में मानव तस्करी का एक बड़ा जाल बिछ चुका है इस नेटवर्क से जुड़े लोग दूसरे देशों से लडकियां लाकर देश के कई हिस्सों में बेच रहे हैं इस का ताजा मामला 20,000 में एक दुल्हन बेचने का सामने आया है। एक ओर भारत सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के दस साल पूरे होने का जशन मना रही है दूसरी ओर आरजी कर की डाक्टर बेटी के साथ हुई घिनौनी वारदात हो या जम्मू-कश्मीर में खरीदी गई लड़की को दुल्हन बनाने का मामला भारत में बेटियों की सुरक्षा का काला सच बयान कर रहे हैं।

देश में इस नेटवर्क से जुड़े लोग दूसरे देशों से लडकियां लाकर देश के कई हिस्सों में बेच रहे हैं इस का ताजा मामला 20,000 में एक रहीं दुल्हन बेचने का सामने आया है।

रोहिंग्या शरणार्थी महिलाओं को अच्छे जीवन का लालच देकर जम्मू-कश्मीर में %दुल्हन% के रूप में बेचा जा रहा है। दो दिन पहले कोलकाता में रेलवे पुलिस ने अब्दुल रहमान नाम के शख्स को दो बच्चियों के साथ गिरफ्तार किया है। वह इन बच्चयों को कश्मीर ले जाने की जुगत में लगा था। जम्मू कश्मीर में रोहिंग्या महिलाओं की भारी मांग है। 52 साल के एक आदमी की फैमिली लंबे टाइम से शादी के लिए लड़की ढूंढने में लगी थी, लेकिन दुल्हन नहीं मिली। वह मानसिक रूप से कमजोर था। यहां तक कि वह खुद उठकर पानी भी नहीं पी सकता था। अचानक एक दिन मोहल्ले को पता चला कि उसकी शादी हो गई। बातें खुलीं तो निकला कि लड़की रोहिंग्या है। 20,000 में कोई उसे यहां बेच गया। जम्मू- कश्मीर में ऐसे ढेरों मामले देखने को मिल रहे हैं। कोलकाता में पकडा गाय अब्दुल रहमान बांग्लादेश का रोहिंग्या मुस्लिम है और कई साल से कश्मीर में मजदूरी करता है। उसके साथ करीब 12- 12 साल की दो बच्चियां थीं, जिन्हें वो अपने साथ कश्मीर ले जा रहा था। आए दिन न जाने ऐसी कितनी ही रोहिंग्या लड़कियों को अवैध तरीके से जम्मू-कश्मीर समेत देश के कई राज्यों में लाकर जबरदस्ती दुल्हन बना दिया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में यह रैकेट लंबे समय से चल रहा है। पहले बांग्लादेश और अब म्यांमार से भी रोहिंग्या लड़कियों को यहां लाकर उनकी शादी उम्र से दोगुने शख्स से करा दी जाती है। यही नहीं दिव्यांग या मानसिक रूप से अक्षम लोग, जिनकी शादी जम्मू-कश्मीर में नहीं हो पाती है, वो भी इस अवैध तरीके से दुल्हन खरीद रहे हैं। जम्मू कश्मीर पुलिस के राडार पर ऐसे कई नेटवर्क हैं जिनकी पहचान कर ली गई है, जो एनजीओ की ओट में यह काम कर रहे थे। दिसंबर, 2024 तक 24 रोहिंग्या लड़कियां जम्मू में और 124 कश्मीर में %दुल्हन% बन चुकी हैं। कई लड़कियां अच्छी लाइफ की तलाश में अपनी जिंदगी नरक बना चुकी हैं। बांग्लादेश और म्यांमार में रोहिंग्या बस्तियों में एनजीओ की आड़ में तस्कर लड़कियों की पहचान करते हैं। कम उम्र की लड़कियों पर इनकी नजर ज्यादा रहती है। मानव तस्करी में लगे लोग हर जगह फैले हैं। खासतौर से जहां रोहिंग्या मुसलमानों की बस्ती हैं। तस्कर लड़कियों को पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा के रास्ते अवैध तरीके से भारत में लाते हैं। फिर यहां से देश के अलग-अलग राज्यों में इन्हें भेजा जाता है। असम पुलिस के मुताबिक रोहिंग्या खासतौर से जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और केरल जाते हैं। जम्मू कश्मीर में यह रैकेट लंबे समय से चल रहा है। पहले बांग्लादेश और अब म्यांमार से भी रोहिंग्या लड़कियों को झूठे वादे और सपने दिखाकर यहां लाया जाता है। बाद में उनकी शादी उनकी उम्र से दोगुने शख्स से करा दी जाती है। यही नहीं दिव्यांग या मानसिक रूप से अक्षम लोग, जिनकी शादी जम्मू-कश्मीर में नहीं हो पाती है, वो भी इस अवैध तरीके से दुल्हन खरीद रहे हैं। पिछले महीने ही जम्मू कश्मीर पुलिस ने ऐसे कई नेटवर्क की

में और 124 कश्मीर में %दुल्हन% बन चुकी हैं। जानकारों की मानें तो जम्मू-कश्मीर के लिए यह एक खतरनाक स्थिति हो सकती है। पाकिस्तान इसका फायदा उठा सकता है।

रोहिंग्या अवैध तरीके से राशन कार्ड से लेकर आधार कार्ड तक बनवा रहे हैं। जम्मू कश्मीर में अपनी कियों की शादी कराकर भी रोहिंग्या वहां की नागरिकता हासिल की कोशिश में जुटे रहते हैं। पुलिस को दिसंबर में ही 61 से ज्दा अवैध आधार कार्ड जम्मू में और 97 आधार कार्ड कश्मीर में मिले। जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद के मुताबिक यहां के लोकल लोगों से रोहिंग्या लड़कियों की शादियां लंबे समय से हो रही हैं। कश्मीर से ज्यादा ये जम्मू में देखने को मिल रहा है। हमें इन्हें वापस भेजना चाहिए। हमें भी अमेरिका, यूरोप की तरह सख्त कदम उठाना चाहिए। बांग्लादेश और म्यांमार में पहले ही रोहिंग्या मुसलमानों की स्थिति सही नहीं है। ऐसे में अच्छे जीवन की तलाश में रोहिंग्या महिलाएं एक ऐसे मकड़जाल में फंस रही हैं, जिनसे बाहर निकलना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। कुछ महिलाओं की आपबीती रोंगटे खड़े करने वाली है। एक महिला बताती है, उसे कहा गया कि बंगाल में नौकरी दिलाएंगे। फिर बस और ट्रेन से लंबा सफर कर कश्मीर ले आए। अपने से तीन गुना उम्र के शख्स के साथ शादी करा दी गई। वापस जाने की बात करो तो पति बहुत मारता है। तस्करों के चंगुल में फंसी ऐसी ही दूसरी महिलाओं की भी यही कहानी है। बताते चलें कि साल 2009 में पहली बार जम्मू-कश्मीर में रोहिंग्याओं का आना शुरू हुआ था। देश में जो संख्या कभी 200 थी, वो अब 50,000 के पार हो चुकी है। अकेले जम्मू-कश्मीर में ही 11,000 से ज्यादा रोहिंग्या हैं।

आर्मी कैंप, रेलवे स्टेशन, पुलिस लाइन जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के पास भी इनकी बस्तियां बन रहीं हैं। मानव तस्करी, ड्रग्स तस्करी और कई अन्य अपराधों में रोहिंग्या के शामिल होने के आरोप है पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में बढ़ते रोहिंग्या की संख्या का फायदा उठा सकता है

जम्मू कश्मीर में बसने वाला पहला रोहिंग्या सईद हुसैन था, जिसे 2009 में यहां की राज्य सरकार ने बसाया था।रोहिंग्या मुसलमान अवैध तरीके से राशन कार्ड से लेकर आधार कार्ड तक बनवा रहे हैं।

जम्मू कश्मीर में अपनी लड़कियों की शादी कराकर भी रोहिंग्या वहां की नागरिकता हासिल करने की कोशिश में जुटे रहते हैं। पिछले दिसंबर में ही पुलिस को 61 से ज्यादा आधार कार्ड जम्मू में और 97 आधार कार्ड कश्मीर में मिले। ये सभी आधार कार्ड अवैध तरीके से बनवाए गए थे।

मानव तस्करी में लगे लोग हर जगह फैले हैं। खासतौर से जहां रोहिंग्या मुसलमानों की बस्ती हैं। तस्कर लड़कियों को पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा के अवैध तरीके से रास्ते भारत में लाते हैं। फिर यहां से देश के अलग-अलग राज्यों में इन्हें भेजा जाता है। असम पुलिस ने हाल ही में इसे लेकर चिंता जताई थी। पुलिस के मुताबिक रोहिंग्या खासतौर से जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और केरल जाते हैं।

जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी.वैद के मुताबिक यहां के लोकल लोगों से रोहिंग्या लड़कियों की शादियां लंबे समय से हो रही हैं। कश्मीर से ज्यादा ये जम्मू में देखने को मिल रहा है।

दिल्ली, हरियाणा, असम, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में रोहिंग्याओं की संख्या बढ़ रही है। जो सरकार के लिए भी चिंता की बात है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद्य का कहना है कि यह स्थिति सही नहीं है। हमें इन्हें वापस भेजना चाहिए। वह कहते हैं कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। जम्मू-कश्मीर में रोहिंग्या की संख्या तेजी से बढ़ी है। यह सही नहीं है। हमें भी अमेरिका, यूरोप की तरह सख्त कदम उठाना चाहिए। खासतौर से संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संगठन की दखलअंदाजी पूरी तरह से बंद होनी चाहिए।इस तरह के मामलों की व्यापक जांच की जानी चाहिए ताकि देश में अवैध मानव तस्करी पर नियंत्रण किया जा सके। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

पाकुड़ की खबरें

6 लोगों की नियुक्ति की उपायुक्त ने की अनुशंसा

पाकुड़। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला अनुकंपा समिति की बैठक उपायुक्त मनीष कुमार के अध्यक्षता में की गई। बैठक में समाहरणालय संवर्ग में अनुसेवक के रिक्त पद पर पार्वती मुर्मु को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। वहीं शिक्षा विभाग अंतर्गत 2 लिपिक, सरिता हांसदा, ज्योति मुर्मु एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 02 लिपिक, पूजा कुमारी, रिंकी कुमारी एवं लघु सिंचाई प्रमंडल अंतर्गत चतुर्थ वर्गीय रिक्त पद पर रामजी यादव की नियुक्ति की अनुशंसा की गई।

गणतंत्र दिवस एवं स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने को लेकर झामुमो ने की बैठक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। गुरुवार को जिला परिषद कार्यालय में गणतंत्र दिवस एवं स्थापना दिवस मानने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस व 2 फरवरी को स्थापना दिवस हर्षोल्लाह से मनाने को लेकर जिला संयोजक मंडली के अजीजुल इस्लाम, समद अली , श्याम यादव नेतृत्व मे कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने व सदस्यता अभियान लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी सोपी गई । तीनों नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि झारखंड स्थपना दिवस को ऐतिहासिक बनाना है, सभी कार्यकर्ताओं को समारोह में शामिल होना है। अपने -अपने स्तर स सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोग को समारोह में शामिल करने के लिए अपनी जिम्मेदारी ले। जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने कहा कार्यकर्ता के बदौलत ही पार्टी पूरे झारखंड में मजबूती के साथ स्थापित हुआ है। मौके पर हबीबुर रहमान, मुसलोदिन अंसारी, उमर फारूक , बिकास रविदास आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

एबीवीपी ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाया पराक्रम दिवस के रूप में

महेशपुर (पाकुड़)अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई महेशपुर द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर स्थानीय आदिवासी कल्याण छात्रावास परिसर में सुभाष चंद्र बोस की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण किया गया। संगोष्ठी संबोधित करते हुए गुंजन तिवारी ने कहा कि जब देश अंग्रेजी हुकूमत का गुलाम था तब नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिद फौज बनाकर देश की आजादी के लिए बिगुल फूंका था और युवाओं को आवाहन करते हुए नारा दिया था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी की अदम्य भावना और राष्ट्र के लिए उनके निस्वार्थ सेवा के सम्मान में उनको याद रखने के लिए भारत सरकार ने हर साल 23 जनवरी पर उनके जन्मदिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है ।नेताजी का व्यक्तित्व हमें आत्मसम्मान गौरव और देश की रक्षा करने का धर्म का शिक्षा देता है। अनिल ने कहा कि नैतिक मूल्यों और देश प्रेम की भावना की स्थापना करके ही हम अपने महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि दे पाएंगे। मौके पर नगर सह मंत्री जीत साहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सन्नी तिवारी, नगर सह मंत्री जीत साहा , पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पीयूष चौबे, अरित्रो घोष , सुजीत कुमार ,समेश मुर्मू आदि उपस्थित थे।

मिहिजाम में श्रीराम मंदिर के एक वर्ष पूरे होने पर दीपोत्सव में उमड़ी श्रद्धा, भक्तों ने मनाया उत्सव

मिहिजामः अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मिहिजाम के हिल रोड मोड़ स्थित परिसर पर दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मिहिजाम शहर भर में उत्सव का माहौल था, जहां विभिन्न स्थानों, घरों और मंदिरों को सजाकर दीपों से रौशन किया गया। यह दृश्य देखते ही बनता था, जिसमें पूरा शहर प्रभु श्रीराम की भक्ति में रंगा हुआ था। दीपोत्सव के कार्यक्रम में मिहिजाम के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा और अनुष्ठान आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर इन पूजा आयोजनों में भाग लिया और प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस मौके पर विशेष भोग अर्पित किया गया, जिसमें खीर और खिचड़ी जैसे प्रसाद वितरित किए गए। इसके साथ ही, भक्तों ने लड्डू का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया। दीपोत्सव में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मंदिरों में पहुंचे, जहां भक्ति गीतों और मंत्रोच्चारण से माहौल भक्तिमय हो गया।

राष्ट्रीय युवा प्रेरणा पुरस्कार से नवाजे गए पाकुड़ के एलेक्स सैम

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में पाकुड़ के सामाजिक कार्यकर्ता एलेक्स सैम को एलटीजी ऑडिटोरियम हाउस, नई दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार शसतीश चंद द्विवेदी द्वारा राष्ट्रीय युवा प्रेरणा पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। एलेक्स सैम को यह पुरस्कार उनके सामाजिक कार्यों और युवाओं को प्रेरित करने के प्रयासों के लिए दिया गया है। इस पुरुष्कार के प्राप्त होने से एलेक्स सेम केवल जिला ही नहीं बल्कि अपने राज्य नाम रौशन किया है।श्री सैम सामाजिक कार्यों में बिगत 18 साल से जुड़े है। इन्हें कई अन्य पुरस्कारों से देश एवं विदेशों में भी नवाजा गया है।श्री सैम एवं

उनकी धर्म पत्नी सुनीता मरांडी निरंतर समाज के उत्थान में किसी न किसी रूप से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते आ रहे हैं।

यह पुरस्कार समारोह एलटीजी ऑडिटोरियम हाउस, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था, जहां प्राथमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार सतीश चंद द्विवेदी ने एलेक्स सैम को यह पुरस्कार प्रदान किया।इस अवसर पर, एलेक्स सैम ने कहा, ÷मैं इस पुरस्कार के लिए आभारी हूं और अपने सामाजिक कार्यों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷मैं युवाओं को प्रेरित करने और उन्हें सामाजिक कार्यों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए काम करना जारी रखूंगा।÷मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजी, फिजिक्स वल्लाह के निदेशक मंडल व अन्य उपस्थित थे।

डीसी ,एसपी सहित आला अधिकारी व अन्य लोगो ने नेताजी के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर(पाकुड़) जिस सोच व विजन को लेकर बीते 35 वर्ष पूर्व हिरणपुर में सम्मानित सदस्यों द्वारा नेताजी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। जो आज भी हमे मार्गनिर्देश दे रही है। हिरणपुर चौक में गुरुवार को आयोजित नेताजी प्रतिमा स्थल की पूर्ण हो चुके सौन्द्रीयकरण कार्य की शुभारम्भ के दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा। कार्यक्रम में डीसी सहित पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार , डीडीसी महेश संथालिया ,एसडीओ साइमन मराण्डी , झामूमो जिला संयोजक अजीजुल इस्लाम , जिला उपाध्यक्ष समद अली को बुके देकर स्वागत किया गया। पाकुड़ जिला प्रशासन व डीबीएल -पीसीएमपीएल के सीएसआर मद के संयुक्त तत्वाधान में यह नवीनीकरण कार्य की गई। डीसी ने कहा कि इस प्रतिमा स्थापन में मुख्य भूमिका निभाने वाले सभी सदस्यों के कार्यो का युवाओ को अनुश्रवण करते हुए आगे बढ़कर बेहतर कार्य करना चाहिए। जन प्रतिनिधियों के सहयोग से प्रतिमा स्थल की नवीनीकरण का कार्य पूरा किया गया। नेताजी की बोल तुम मुझे खून दो की तर्ज पर रक्तदान कर लोगो की जाने बचाई जा सकती है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जन प्रतिनिधियों की सहयोग से विकास पथ पर अग्रसर है। हिरणपुर को सुंदर व स्वच्छ रखे। जो पाकुड़ जिले का तोरणद्वार बने। बाजार में नाली की समस्याओं को लेकर समाज के हित मे पहल की गई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा , स्वच्छता व समाज की समुचित विकास की परिकल्पना करना आवश्यक है। जिससे की पाकुड़ जिला अग्रणी बने। हिरणपुर में जर्जर पड़े लाइब्रेरी ,अस्पताल निर्माण आदि पर प्रयास किया जाएगा। वही एसपी ने अपने सम्बोधन में कहा कि कमिटी के सभी सदस्यों को नमन है। इस विरासत को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। विधानसभा चुनाव

चलाया आउटरीच सह विधिक जागरूकता आभियान

पाकुड़। गुरुवार को झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में आज जीदातो इंटरमीडिएट कॉलेज पाकुड़ समेत ईलामी पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं को बाल विवाह, साइबर अपराध, नालसा के योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए पीएलवी कमला राय गांगुली ने जागरूक की । ग्रामीण क्षेत्रों में पीएलवी याकूब अली, सायेम अली, मैनुल शेख ने संयुक्त रूप से स्पॉन्सरशिप योजनाओं का लाभ,सरकारी योजनाओं का लाभ, समेत जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली निशुल्क कानूनी लाभ की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर पीएलवी द्वारा जागरूकता पुस्तिका, पर्ची वितरण की गई।

बिजली चोरी को लेकर विद्युत विभाग की छापेमारी,5 लोगों पर मामला दर्ज

महेशपुर(पाकुड़)थाना क्षेत्र के गदरपड़ा गांव में बिजली चोरी एवं इलाके में विद्युत बिल बकाया रहने पर उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटे जे रहे हैं वहीं बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ भी अभियान जारी है। इसी को लेकर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता गिरिधारी सिंह मुंडा एवं कनिया अभियंता सुरेन्द्र कुमार मुर्मू की तरफ से इलाके में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान में गदरपाड़ा गांव के शानवर शेख ,रहमत अली,कामरूल जमाल,काजोल शेख,बुलबुल शेख के खिलाफ महेशपुर थाना में लिखित शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया है वही महेशपुर थाना कांड संख्या 12/2025 दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है।

हाई स्कूल मोड़ से ऑटो चोरी

हिरणपुर (पाकुड़)थाना क्षेत्र के हाई स्कूल मोड़ से गुरुवार अहले सुबह एक सीएनजी आटो चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर पीड़ित मिथुन साहा ने हिरणपुर थाना में लिखित शिकायत किया है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित रोजाना की तरह अपनी सीएनजी ऑटो संख्या जेएच 16 जे 7713 को रात में अपने दरवाजे के खड़ा रखा था। सुबह करीब 4 बजे जब उसने उठकर देखा तो ऑटो वहां से गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी ऑटो का कोई पता नहीं चल पाया। पीड़ित द्वारा करीब 20 दिन पहले ही ऑटो को खरीदा गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित केद्वारा लिखित शिकायत मिली है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नेताजी प्रतिमा स्थापना के सदस्यों को शाल ओढ़कर किया गया सम्मानित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़)प्रखण्ड मुख्यालय के निकट सुभाष चोक स्थित गुरुवार को नेताजी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की उपस्थिति में सुभाष चन्द्र बोस की अदम्य कद प्रतिमा की स्थापना के सदस्यों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वही जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी , मुखिया बाले हेम्ब्रम , तेरेसा टुडू ने कमिटी के सदस्य गौतम तिवारी , दिगम्बर साहा , अशोक दत्ता , सहदेव साहा व गाजो साहा को सम्मानित किया गया। वही सदस्यों में से गौतम तिवारी ने जर्जर पड़े पुस्तकालय , स्वास्थ्य केंद्र निर्माण आदि का ज्वलन्त मुद्दा को उपयुक्त के समक्ष रखते हुए निवेदन किया। वही सदस्य में दिगम्बर साहा ने भी जबरदहा , कमलघाटी , सुंदरपुर व हाथकाठी पंचायत को मिलाकर नगर पंचायत बनाने की मांग उपायुक्त महोदय के समक्ष रखा। उक्त सारी बाते व निवेदन को सुनने के पश्चात उपयुक्त महोदय स्वीकारते हुए कहा कि ये सारी उक्त बाते को सरकार की संज्ञान में दिया जाएगा।तथा नाला की समस्या जो अवरुद्ध है जिसस कारण अनियंत्रण ही पानी का बहाव एवं समस्या है ।जिसको जल्द निवारण किया जा रहा है। बताते चले कि 23 जनवरी 1989 को तत्कालीन विधायक शिबू सोरेन , साइमन मराण्डी की उपस्थिति में नेताजी प्रतिमा का अनावरण मिहिजाम डॉक्टर के द्वारा किया गया था। जिसमे कमिटी अध्यक्ष के रूप में रवींद्रनाथ दास , सचिव गौतम तिवारी , कोषाध्यक्ष सहदेव साहा , सदस्यों में दिगम्बर साहा , मो.नईमुद्दीन , अशोक

स्वास्थ्य मेला का सिविल सर्जन ने किया उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा प्रांगण में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया।स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ मंटू टेकरीवाल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश बेसरा, लिट्टीपाड़ा मुखिया शिव टुडू के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया। स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, आंख, कान एवं गले से संबंधित बीमारियों की जांच, दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, एनसीडी जांच, खून जांच, एनीमिया जांच, मलेरिया, फाइलेरिया की जांच सहित 691 लोगो का जांच एवं स्क्रीनिंग किया गया। सिविल सर्जन ने बताया स्वास्थ मेला का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ के प्रति लोगों को जागरूक करना ।उन्होंने बताया स्वास्थ मेले में डॉक्टरों की टीम के द्वारा क्षेत्र से आये सभी प्रकार के रोगी का जांच एवं स्क्रीनिंग कर स्वास्थ परामर्श एवं दवा दिया गया। डॉ मुकेश बेसरा ने बताया स्वास्थ मेला में प्रखंड क्षेत्र के आए बीपी एवं शुगर के 170 , मलेरिया 135, सिकल शेल 6, आँख का जांच 15, टीबी 8 सहित 691 लोगों का जांच एवं स्क्रीनिंग कर दवा दिया गया।साथ ही स्वास्थ मेला में योग के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। मौके पर राज्य कोडिनेटर विनय कुमार, डॉ आनंद, डॉ शेखावत हुसेन, ओमप्रकाश पांडे सहित सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

पराक्रम दिवस का आयोजन



मिहिजाम । जनजातीय संध्या डिग्री कॉलेज मिहिजाम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य प्रोफेसर कृष्ण मोहन साह ने नेताजी की तश्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रोफेसर साह ने नेताजी के जीवन के प्रेरणादायक पहलुओं पर चर्चा करते हुए उनके संघर्ष और देश के प्रति समर्पण को याद किया। कार्यक्रम के पदाधिकारी रंजीत यादव ने भी विद्यार्थियों को नेताजी के आदर्शों का पालन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिनमें सना इकबाल, स्वाति सोरेन, अंशु झा, बबीता हेम्ब्रेम, ज्योति मुर्मू, संतोषी कुमारी और आदित्य सोरेन प्रमुख रूप से शामिल थे।

ऑक्सफोर्ड ऋषि मिशन एकेडमी में मनाया गया नेताजी की जयंति, किया माल्यार्पण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़) हाटपाडा स्थित ऑक्सफोर्ड ऋषि मिशन एकेडमी में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 144वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल सुभम कुमार भगत, शिक्षिका पिकी गुप्ता, प्रवीन खातून ने बारी-बारी से नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक सरदार ऋषि सिंह ने नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए, उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का संघर्ष भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अनमोल योगदान है, और उनका साहस देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर मनोज कुमार, शिक्षिका गुलशन बेगम, पूजा साहा, कल्यान भगत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

झामुमो ने मनायी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

देवघर संताल एक्सप्रेस । झामुमो के जिला संयोजक मंडली के सदस्य युवा जिला अध्यक्ष तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा,,का नारा देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर सभी युवाओं ने सुभाष चौक पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको कोटि कोटि नमन किया। मौके पर वैभव चंद्रवंशी पंकज झा मनोज बरनवाल अनीश कुमार किशोर कुमार संतोष सिंह अजय कुमार गुड्डू कुमार रंजीत कुमार राजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

देवघर एयरपोर्ट पर सुबोध कांत सहाय का स्वागत

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा,झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार एवं देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी ने मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम (सोनारायठाडी प्रखंड में स्थित नानहीडीह डैम,मकरा पहाड़) में शामिल होने आए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय का स्वागत बुके देकर किया।

दीनबंधु उच्च विद्यालय में मनी नेताजी की जयंती

देवघर संताल एक्सप्रेस । गुरुवार को दीनबंधु उच्च विद्यालय के रवीन्द्र सभागार में भारत के स्वतन्त्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गईइस शुभ अवसर पर झारखंड राज्य दिगम्बर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष तारा चंद्र जैन मुख्य अतिथि के रूप में छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जैसे देश की नेता होने चाहिए। इनलौगो के अलावे भेसको इंडिया के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह देव दीनबंधु ट्रस्ट कमिटी के सचिव शरदिंदु कुंडू,निर्झर चक्रबर्ती,रजत मुखर्जी मिहिर लाल दास,विधान चन्द्र मंडल वैद्यनाथ दास, हंस ध्वनि कला केंद्र के निदेशक विश्वनाथ बनर्जी और विद्यालय के प्रधानाध्यापक काजल कान्ति सिकदार, शिक्षक शिक्षिकाओं में उदय कुमार मंडल, मनीषा घोष, मुनेश्वर प्रसाद यादव, सुदीप्ता चक्रबर्ती, भारती कुमारी, सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे। नेताजी जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।आज की कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रोफेसर रामनदंन सिंह ने किया। प्रधानाध्यापक ने धन्यवाद ज्ञापन किया,विकास कुमार दास और राजु कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिए। राष्ट्रगान के साथ ही कार्यक्रम का समापन हो गया।

सुभाष जागृति मंच ने मनायी नेताजी की जयंती

देवघर संताल एक्सप्रेस । युवाओं की सरताज नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की128 वां जन्मदिन नेताजी सुभाष जागृति मंच के प्रधान कार्यालय में कार्यकर्ताओं के द्वारा के काटकर जन्मदिन मनाया गया और इस के उपरांत एक भव्यशोभा यात्रा निकाली गई जो प्रधान कार्यालय मंच के दुमका रोड बाजार समिति से चलकर आर एन बोस बांग्ला लाइब्रेरी स्थित नेताजी के प्रतिमा पर माल्यर्पण कर के नेताजी सुभाष चौक नेताजी की प्रतिमा पुनः एक बार माल्यपर्ण करके शोभा यात्रा में शामिल सभी बच्चे एवं कार्यकर्ताओं को मिठाई अल्पआहार देकर कार्यक्रम समापन किया गया। शोभायात्रा में शामिल जिला अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह ,केंद्रीय संरक्षक दीपू झा,श्याम सुंदर स्कूल के डायरेक्टर रमणिकांत ठाकुर,कांग्रेस नेता अनिल कुमार चंद्रवंशी,कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार ठाकुर,उपाध्यक्ष महेश दुबे, समाजसेवी सह पूर्व वार्ड पार्षद देवघर कोर्ट के एडवोकेट अनूप कुमार बरनवाल,नगर अध्यक्ष गौतम कर्मकार ,नगर सचिव उत्तम राय,जिला उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता,पवन राउत,कार्यकारिणी सदस्य संजय जयसवाल,मनोज कुमार,राकेश जयसवाल,मार्बल कोचिंग सेंटर के संस्थापक दिलखुश कुमार,महिला मोर्चा के संरक्षक भवानी सिंह,महिला मोर्चा उप सचिव मुनमुन बोस,महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष सोनाली घोष,सदस्य शुक्ला राय,रुद्र चक्रवर्ती,इस कार्यक्रम को सफल करने के लिए दिनेश कुमार यादव,केंद्रीय सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता,शिव शंकर दास, विधायक सुरेश पासवान,अवधेश प्रजापति,शोभा यात्रा में शामिल सैकड़ो कार्य कत्ता इत्यादि।

डायन प्रथा व मारपीट का मामला दर्ज

देवघर। खागा थाना क्षेत्र के ÷एक 61 वर्षीय महिला गांव की महिला से डायन प्रथा के नाम पर गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। 61 वर्षीय वादिनी महिला की शिकायत पर पुलिस ने कांड संख्या 01/25 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।आरोपी में निमाय महतो (पिता - राजेन्द्र महतो) गीता देवी (पति - निमाय महतो) राखी कुमारी (पिता - प्रमोद महतो) सभी आरोपी थाना खागा अंतर्गत एक गांव के निवासी हैं। वादी महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपीगण ने उनके और उनके परिवार के साथ गाली-गलौज की, मारपीट कर घायल कर दिया और डायन बताकर मानसिक और सामाजिक उत्पीड़न किया। इधर खागा थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए दबिश दी जा रही है।

नेताजी की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

देवघर। आज गुरुवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर जन जागृति मंच द्वारा शिवपुरी स्थित बाजार समिति के निकट आवासीय कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष विशु राय ने की। इस अवसर पर मंच के सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने नेता जी के विचारों और सिद्धांतों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशु राय (जन जागृति मंच के अध्यक्ष) आजसू के राजा साहनी,भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रशेखर खवाड़े, मुरारी मंडल, पिंटू सिंह,राधा देवी, नीरज सिंह, संतोष सिंह,जूनियर बाबूलाल मरांडी, किशोर मुर्मू, और अनिल कोल शामिल थे।

सुभाष चंद्र की जयंती पर मैराथन का आयोजन

मधुपुर । सुभाष चंद्र बोस जयंती और गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को मधुपुर अनुमंडल प्रशासन और अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से एक भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एसडीओ राजीव कुमार, एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी त्रिलोचन तामसोय, और वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉ. अरुण गुटगुटिया ने धावकों को हरी झंडी दिखाकर की। इस रोमांचक दौड़ की शुरुआत फागो मोड़ से हुई और यह पत्थरचपट्टी, कॉलेज रोड, ग्लास फैक्ट्री मोड़, थाना मोड़, और नगर पालिका रोड होते हुए पनाहकोला स्थित भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी परिसर में संपन्न हुई। मैराथन में कुल 16 धावकों ने उत्साह से भाग लिया।शिव कुमार मंडल ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि सत्यम कुमार दूसरे और अमर कुमार तीसरे स्थान पर रहे। विजयी धावकों को रेडक्रॉस सोसाइटी परिसर में मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उनकी कड़ी मेहनत और सफलता को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर डाक बंगला मैदान में पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विशेष रूप से सराहा जाएगा कार्यक्रम में महेंद्र घोष, अररिंद कुमार, मोती सिंह, मोहम्मद शाहिद (फेकू), शाहिद अलिमी, सुबल प्रसाद सिंह, मोहम्मद सुल्तान, सचिदानंद सिंह, राम सेवक पासवान, मोहम्मद कामरान, मोहम्मद मुमताज सहित रेड क्रॉस के अनेक सदस्य मौजूद रहे। यह आयोजन न केवल फिटनेस और अनुशासन का संदेश देता है, बल्कि सुभाष चंद्र बोस की अद्वितीय प्रेरणा और उनके संघर्षपूर्ण जीवन को भी जीवंत करता है।

भाजपा ने संविधान गोष्ठी का किया आयोजन

भाजपा संविधान की मूल भावना को सशक्त और हर नागरिक को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध : बाबूलाल मरांडी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत एक संविधान गोष्ठी का आयोजन होटल मनोरमा के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन रवानी ने की। इस गोष्ठी के मुख्य वक्ता झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थे। इस मौके पर पूर्व विधायक नारायण दास, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद, जिला प्रभारी सतेन्द्र सिंह, और दुमका जिला प्रभारी संजीव जजवाड़े सहित कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता बाबूलाल मरांडी ने संविधान को लोकतंत्र की आत्मा और राष्ट्र के विकास का आधार बताते हुए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा संविधान की मूल भावना को सशक्त करने और हर नागरिक को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

मरांडी ने विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए कहा, ÷आज कुछ दल संविधान का नाम लेकर समाज को बांटने और तुष्टिकरण की राजनीति करने में लगे हैं, लेकिन भाजपा संविधान की रक्षा और इसे हर जन तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है।÷पूर्व विधायक नारायण दास ने कहा, ÷संविधान भारत की आत्मा है और भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो बाबा साहब अंबेडकर के सपनों को साकार कर रही है।÷ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय प्रसाद ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, हेमंत सरकार संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। भ्रष्टाचार और परिवारवाद ने राज्य को गर्त में डाल दिया है। भाजपा ही एकमात्र विकल्प है जो संविधान की रक्षा कर सकती है।

पूर्व विधायक बालेश्वर दास ने कहा, ÷संविधान ने समानता और न्याय का अधिकार दिया, लेकिन झामुमो-कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर इसकी भावना से खिलवाड़ कर रही है। भाजपा का संकल्प संविधान की गरिमा बनाए रखना है।÷इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संविधान की गरिमा बनाए रखने और भाजपा के मिशन को मजबूत करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने संविधान को केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि हर भारतीय की स्वतंत्रता, समानता और न्याय का आधार बताया। मीडिया प्रभारी सचिन सुलतानिया ने जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें मीडिया प्रभारी सचिन सुलतानिया ने बताया कि इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सजीव जजवाडे,दिवाकर गुप्ता,अधिर चन्द भैया,सतोष उपाध्याय,राजेन्द्र दास,सतोष मुर्मू,पप्पू यादव,मिडिया प्रभारी सचिन सुलतानिया,चन्द शेखर खवाड़े, धनंजय तिवारी, धनजय खवाड़े,राजीव सिंह,विजया सिंह,प्रज्ञा झा, विनय चन्दवशी, सुलोचना देवी, निरजंन देव, रूपा केसरी, अशीष दूबे,भुषण सोनी,दिलीप सिंह,बबलू प्रासवान, तुफान महथा,दशरथ दास,सतोष पासवान,सजय यादव,प्रमोद विद्यार्थी,पकज सिंह भदौरिया, बलराम पौदार,सजय राय,जयप्रकाश सिंह, मनोज मंडल,विष्णु राउत,जुनियर बाबुलाल मरांडी,मिथलेश सिन्हा,गोतम राय,रवि रवानी, महेन्द्र भोक्ता,अशोक यादव,विश्वनाथ रमानी, विभुती झा,ओकार दास,दिलीप यादव,रिशि सिह, उमाशंकर प्रजापति,नकुल राय,सतोष मिश्रा,मनोज भार्गव,मनोज राय,मोहन मडल,राजु दास,विकाश दास, अंश देव सिह,अनील कोल,गोतम यादव, सजय गुप्ता,बुधन यादव एंव अन्य मौजूद थे।

नगर आयुक्त ने नेताजी की जयंती पर किया माल्यार्पण, 26 जनवरी की तैयारियों का किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने नगर निगम की टीम के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर सुभाष चंद्र बोस चौक पर स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर संजय मंडल फेडरेशन के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। माल्यार्पण के बाद नगर आयुक्त एवं सहायक नगर आयुक्त ने आसपास मौजूद जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए। इस आयोजन में नगर निगम की पूरी टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके बाद नगर आयुक्त ने आगामी 26 जनवरी को आयोजित होने वाले झंडोत्तोलन समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न स्थलों का जायजा लिया, जिनमें शहीद आश्रम, शहीद स्थल रोहिणी, सरस कुंज जसीडीह, वीर कुंवर सिंह सफाई डिपो शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त रंजीत सिंह,नगर प्रबंधक गौरव कुमार,प्रकाश कुमार मिश्रा,सतीश कुमार दास,सहायक अभियंता पारस कुमार,सूरज उरांव,कनीय अभियंता सुमन वर्मा अन्य कर्मी कर्मवीर वर्मा, मनीष भारद्वाज, कन्हैया राम समेत अन्य मौजूद थे। मौके पर नगर आयुक्त ने कहा कि 26 जनवरी की तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि झंडोत्तोलन के सभी स्थलों पर साफ-सफाई और व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

नंदन पहाड़ तालाब में स्विमिंग सीखने वाले बच्चे सब मिलके साफ करते हैं : नवीन शर्मा

नगर निगम सफाई को लेकर ब्रांड एंबेसडर बने हुए हैं पर कार्य ना के बराबर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । 9 लाख 90 हजार के लागत से चेकर टाइल्स लगा है। सौंदर्यकरण के लिए लेकिन 2 महीना के अंदर टूटना शुरू हो गया।क्यों की बड़ी बड़ी गाड़ी धोने का अड्डा बन गया है।अक्सर दारू की बोतल देखने को मिल जाता लोग खाते है और गंदगी फैला के जाते है।कर्म कांड के बाद कपड़ों को ऐसे हीं फेक देते है।पानी के अन्दर और बाहर की गंदगी को वहीं स्विमिंग सीखने वाले ग्रुप स्विमिंग शार्क ग्रुप के बच्चे बड़े सब मिलके साफ करते हैं.12 जनवरी को भी विवेकानंद जयंती पे सफाई अभियान चलाया था।आज सुभाष चंद्र बोस जयंती पे भी पानी के अन्दर की गंदगी को साफ करने की अभियान चलाया और रविवार तक पूर्ण सफाई का लक्ष्य रखा है।और सभी आनेवाले से निवेदन किया कि इस पर्यटन स्थल को स्वच्छ रखने में हमारा सहयोग करे। नगर निगम के द्वारा सफाई को लेकर ब्रांड एंबेसडर मुन्ना पासवान बने हुए हैं.कई लोग निगम के द्वारा जिनको सफाई से कोई मतलब नहीं।जिसमें नवीन शर्मा,लाल मोहन कुमार,रोहित बर्नवाल,अनुराग रंजन,रौशन कुमार,शुभम कुमार,मानव,मानवी कुमारी,ने अहम भूमिका निभाई।

सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर इंटक नेताओं ने माल्यार्पण किया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह देवघर जिला इंटक के कार्यकारिणी की सदस्य प्रमिला देवी, देवघर नगर इंटक के अध्यक्ष बृजभूषण राम, देवघर जिला इंटेक्स के कार्यकारिणी के सदस्य सुधीर देव देवघर जिला इंटक के सचिव अभिषेक सिंह, सदाशिव राणा सहित अन्य लोगों में अशोक कुमार बरनवाल,प्रदीप दास,विनोद मंडल, राजेश दास, छोट,उमेश दास, दीपक राउत ,प्रभु यादव एवं मुरारी यादव ने सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर उपस्थित इंटक के नेताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया।

डीएवी कास्टर टाउन में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। 23 जनवरी को स्थानीय गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाउन, देवघर में महान देशभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का आयोजन किया गया ।प्रातः कालीन सभा में प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह,शिक्षकगण एवं बच्चों ने सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्यामा प्रसाद चटर्जी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक महान राष्ट्रवादी और क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे। इन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी। इनकी जयंती हर साल 'पराक्रम दिवस% के रूप में मनाई जाती है। इस मौके पर प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन अपने आप में एक महान प्रेरणा का स्रोत है।आज के दिन का उद्देश्य न केवल नेताजी की महानता को याद करना है बल्कि उनके आदर्शों को भी जीवित रखना

रमा देवी बाजला कॉलेज में मनी नेताजी की जयंती

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय देवघर में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई 3 द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिवस पर श्रध्दासुमन अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षा प्राचार्या डॉ सुचिता कुमारी ने सुभाष चन्द्र बोस के तस्वीर पर माल्यार्पण की तथा दीप जलाकर महापुरुष को जन्म दिवस पर याद किया गया।इस अवसर पर सभी प्राध्यापक,प्राध्यापिकाएं तथा स्वयं सेविकाएं नेता जी के चित्र में श्रद्धासुमन अर्पित किए।कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ करुणा पंजियारा ने इस अवसर पर छात्राओं को नेताजी के भारतवर्ष के प्रति कर्तव्यनिष्ठ तथा सच्चे देशभक्त की परिचय दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ सीमा सिंह, डॉ रेखा गुप्ता, ममता कुजुर, डॉ किसलय सिन्हा, डॉ नृपांशु लता,प्राध्यापिका निमिषा होरो, आशा कुमारी,हेलेना किस्कू, जेनिस तिग्गा, शिखा सोनाली,सुनिला तथा प्राध्यापक डॉ बिपिन कुमार का

गीता देवी डीएवी में मनी नेताजी की 128 वीं जयंती

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नेताजी की तस्वीर पर प्राचार्य बलराम कुमार झा और शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने माल्यार्पण किया। प्रार्थना सभा में नेताजी के जीवनवृत पर भाषण दिया गया।विद्यार्थियों ने क्विज में समस्त प्रश्न नेताजी से संबंधित ही पूछा। बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए मेडल और मोमेंटो प्रदान किया गया। प्राचार्य ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमें उनके संघर्ष,अद्वितीय साहस और भारत की स्वतंत्रता के प्रति उनकी निष्ठा को याद करने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य नेताजी के साहस और बलिदान को याद करना है साथ ही साथ आज का दिन उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रण लेने का दिन है। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक सूर्य ने दी।

अधिवक्ता संघ ने मनायी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । मधुपुर अनुमंडल अधिवक्ता संघ परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने नेताजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा के दौरान नेताजी की महान जीवनी पर चर्चा की गई और उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए जय हिंद के गगनभेदी नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।कार्यक्रम में संघ के महासचिव श्याम सुंदर भैया, संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार, धनंजय शाही सहित वरीय सदस्य उमेश चंद्र राय, धनंजय प्रसाद, डोमन प्र. यादव, नागेश्वर भैया, सुनील कुमार, सतीश चंद्र मंडल, प्रमोद कुमार राय, अलाउद्दीन अंसारी, श्याम सुंदर वर्मा, दीपक कुमार, गोपाल चंद्र सिंह, महेश पंडित, बालकृष्ण चौधरी, जीशान अंसारी , सरफराज अहमद,चंद्रशेखर सिंह, सरिता कुमारी, इकबाल अली, प्रदीप कु.भोक्ता, और कई अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

शहर परिक्रमा मेगा पेंटिंग कंपिटिशन, बच्चों ने बढ़ चढ़ कर निभाई भागीदारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । शिल्पग्राम देवघर में शहर परिक्रमा मेगा पेंटिंग कंपिटिशन (चित्रांकन प्रतियोगिता), सीजन-10 का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न विद्यालयों के हजारों छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए ड्रॉइंग शीट पर निर्धारित विषय के रंग भरे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे देवघर उपविकास आयुक्त नवीन कुमार, पूर्व विधायक नारायण दास, एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के निदेशक प्रशांत कुमार झा, डॉ एनडी मिश्रा इत्यादि उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि देवघर उपविकास आयुक्त नवीन कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि देवघर जैसे शहर में इतने बड़े स्तर पर बच्चों का कार्यक्रम आयोजित होता है।शायद यही इस शहर के सांस्कृतिक नगरी होने की पहचान है। इस आयोजन में एक साथ हजारों बच्चों को शिरकत करते देखकर अभिभूत हूं। ऐसे आयोजन हेतु आयोजक के साथ बच्चों को भी शुभकामनायें। वहीं पूर्व विधायक नारायण दास ने कहा कि मैं पिछले 10 वर्षों से इस कंपिटिशन को देखता रहा हूं, जहाँ छात्र छात्राएं बड़े उत्साह के साथ पहुंचते और प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। लगातार 10 वर्षों से हजारों बच्चों की उपस्थिति सही प्रतीत होता है कि यह प्रतियोगिता बच्चों कर बीच कितना लोकप्रिय है। एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के निदेशक प्रशांत कुमार झा ने कहा कि मैं इस प्रतियोगिता में पहली बार पंहुचा हूं और मुझे दुख है कि नन्हे मुन्हे बच्चों के इस बगिया में मैं पहली बार पंहुचा हूं। बच्चों के इस सकारात्मक कार्यक्रम हेतु आयोजक को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनायें। तत्पश्चात देवघर के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ एन डी मिश्रा, प्रो रामनन्दन सिंह इत्यादि ने भी अपने अपने सम्बोधनों में कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए शुभकामनायें दी। शहर परिक्रमा के संपादक सह मेगा पेंटिंग कंपिटिशन के मुख्य आयोजक प्रमेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस कंपिटिशन में हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

सियालदह मंडल पर आरयूबी निर्माण के लिए 100 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। आसनसोल मंडल अंतर्गत दमदम जंक्शन और डानकुनी सेक्शन में बाली घाट एवं बाली हॉल्ट स्टेशनों के बीच रेल ओवर ब्रिज संख्या 15/सीसीआर के पुराने स्टील गर्डर को बदलकर रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए 23 जनवरी 2025, 00ः00 बजे से 27 जनवरी 2025, 04ः00 बजे तक 100 घंटे का ट्रैफिक-सह-पावर ब्लॉक लागू किया गया है। इस निर्माण के कारण कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। रद्द की गई ट्रेनों में 12359 कोलकाता-पटना गरीब रथ एक्सप्रेसः 21, 23 और 25 जनवरी 2025, 13179/13180 सियालदह-सिउरी मेमू एक्सप्रेसः 22-27 जनवरी 2025। 15233/15234 दरभंगा-कोलकाता एक्सप्रेसः 22-26 जनवरी 2025। 12383/12384 सियालदह-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेसः 23-25 जनवरी 2025।

अन्य ट्रेनेंः 12360 पटना-कोलकाता गरीब रथ, 12379 जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, 12317/12318 अकालतख्त एक्सप्रेस, आदि।

डायवर्टेड ट्रेनेंःकई ट्रेनें दमदम-नैहाटी मार्ग से डायवर्ट की जाएंगी।

डायवर्जन पर चलने वाली प्रमुख ट्रेनेंः 13151/13152 कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस (23-26 जनवरी)।12259/12260 सियालदह-बीकानेर दुरंतो एक्सप्रेस (23 और 26 जनवरी)। 12315 कोलकाता-उदयपुर सिटी अनन्या एक्सप्रेस (23 जनवरी)। 12987/12988 अजमेर-सियालदह सुपरफास्ट एक्सप्रेस (22-26 जनवरी) आदि।

संताल एक्सप्रेस

सम्मेलन में कांग्रेस नेताओं का भाजपा की नीतियों पर हमला

मिहिजाम । पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के पैतृक गांव सोनारायठाड़ी के नान्हीडीह में आयोजित जय बापू, जय भीम, जय संविधान जन सम्मेलन में कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं ने भाजपा की संविधान विरोधी नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। इस सम्मेलन में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम में गुलाम अहमद मीर ने गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ तीखा बयान देते हुए उन्हें इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने कहा, अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान किया है, इसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा की नीतियों की आलोचना करते हुए चेतावनी दी कि कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए हर कदम उठाएगी। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने भाजपा की तानाशाही का विरोध करते हुए कहा, संविधान की रक्षा ही हमारी प्राथमिकता है, और इस आंदोलन का हिस्सा बनें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो ने गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की और कहा, जब तक शाह को हटाया नहीं जाता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इस सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जनता को भाजपा की सच्चाई से अवगत कराने का संकल्प लिया और संविधान को बचाने के लिए हर गांव-मोहल्ले में अभियान चलाने का आह्वान किया।

आर्यभट्ट क्लासेस में पूजा पाठ का आयोजन

मेहरमा ¬ अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर आर्यभट्ट क्लासेस में पूजा पाठ कर वार्षिकोत्सव मनाया। इस दौरान आचार्य मनोज चौबे के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शैक्षणिक संस्थान परिसर में पूजन पाठ कराया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रुप में आर्यभट्ट क्लासेस के निदेशक रवि कुमार एवं उनके सहयोगी थे। इस दौरान संस्थान के निदेशक रवि कुमार ने कहा कि पिछले कई वर्षों से इस शैक्षणिक संस्थान के छात्रों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न पदों को हासिल कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना गर्व का विषय है। संस्थान के सभी शिक्षक मेहनती एवं अनुभवी हैं। उनके मार्गदर्शन में छात्रों को शिक्षा प्रदान किया जाता है। इस पूजन पाठ में शैक्षणिक संस्थान के सभी विधार्थी एवं उनके अभिभावक, शिक्षक मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 27 एवं 28 को

बसंतराय ¬ गणतंत्र दिवस के अवसर पर आजाद स्पोर्ट्स मेन्टर युवा क्लब शाहपुर बेलडीहा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शाहपुर बेलडीहा के ग्रीन पार्क मैदान में आयोजित किया जाएगा। क्लब के पदाधिकारी मो हासीम और मो हफीज ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया की कैथिया पंचायत के शाहपुर बेलडीहा गांव में फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार, केरल, बंगाल के 16 टीमें भाग ले रही हैं जिसमें विजेता टीम को 80 हजार का नकद राशि दी जाएगी। इसके अलावा उपविजेता टीम को 60 हजार, तीसरे स्थान पर रहने वाले टीम को 15 हजार रुपए का नकद राशि दिया जाएगा। वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता के मैन ऑफ द सीरीज को एलसीडी और मेन आफ द मैच रहे खिलाड़ी को रेंजर साइकिल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी बसंतराय श्रीमान मरांडी के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया जाएगा। वहीं प्रतियोगिता समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रम मंत्री सह उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, श्रीमती दीपिका पांडे सिंह मंत्री ग्रामीण विकास, प्रदीप यादव विधायक पोड़ैयाहाट सह नेता कांग्रेस विधायक दल, जिप सदस्य सह राजद प्रखंड अध्यक्ष, मो एहतेशामुल हक मौजूद रहेंगे।

बी- डिविजन क्रिकेट लीग: शक्ति ब्रदर्स ने मधु स्थली क्रिकेट क्लब को किया पराजित

गोड्डा ¬ जिला क्रिकेट संघ गोड्डा के तत्वावधान में बी- डिविजन क्रिकेट लीग का मैच गुरुवार को गोड्डा के परसोती, पोड़ैयाहाट एवम महगामा में खेला गया।इस दौरान गोड्डा में पहला मैच मधु स्थली क्रिकेट क्लब बनाम शक्ति ब्रदर्स गोड्डा के द्वारा खेला गया। जिसमें मधु स्थली की टीम ने 18 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाए। बल्लेबाजी में अर्पित आनंद ने 56 रन एवम सुधांशु कुमार 18 रन बनाए, वहीं शक्ति रंजन, देव रंजन एवम सुमित कुमार महतो ने 2-2 विकेट लिए। जवाबी पारी में शक्ति ब्रदर्स की टीम ने 15.4 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाकर मैच को 4 विकेट से जीत लिया। इस दौरान प्रभात कुमार ने 32 रन एवम रितेश आनन्द ने 25 रन बनाए, वहीं दिगम्बर कुमार ने 3 रन एवम अर्पित आनन्द ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच शक्ति रंजन को दिया गया। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यू शाइनिंग स्टार क्रिकेट क्लब की टीम ने 18 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाया। इस दौरान राजन झा ने 21 रन एवम दिव्यांशु दुबे ने 20 रन बनाए, वहीं विमल हांसदा एवं विनय मरांडी ने 3-3 विकेट लिए। जवाबी पारी में सरजाम क्रिकेट क्लब की टीम ने 18 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 127 रन पर सिमट गई। बल्लेबाजी में पंकज सोरेन एवम राहुल मुर्मू ने 26-26 रन बनाए, वहीं कुमार निशिकांत ने 3 विकेट एवम नवाजिश हुसैन, सद्दाम हुसैन 2-2 विकेट लिए। मैच को न्यू शाइनिंग क्रिकेट क्लब ने 11 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच कुमार निशिकांत को दिया गया।पोड़ैयाहाट में खेला गया पहला मैच आरएस क्रिकेट क्लब बनाम श्यामपुर 11 क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। आरएस क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाए। जिसमें इरफान अंसारी ने 29 रन एवं विद्यासागर ने 28 रन बनाए, वही वासिफ ने 3 विकेट एवम शुभम एवं विशाल ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में श्यामपुर 11 क्रिकेट क्लब की टीम ने 14.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाकर मैच जीत लिया। हंसराज 24 रन एवम मोहम्मद वासिफ 23 रन वहीं इरफान, नमन एवम अनुप ने 1-1 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद वासिफ को दिया गया।वहीं दुसरा मैच गोड्डा इलेवन क्रिकेट क्लब बनाम महावीर युवा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोड्डा इलेवन क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाए। आदित्य राज 74 रन राजीव राय 10 रन वही प्रीतम एवं सचिन ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में महावीर युवा क्रिकेट क्लब की टीम ने 14.4 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाकर मैच को 5 विकेट से जीत लिया है। प्रीतम कुमार 44 रन एवम गौतम कुमार 39 रन वही राजवीर दुबे 3 विकेट एवं सुजीत कुमार 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच प्रीतम कुमार को दिया गया। अंपायर की भूमिका में मिथुन कुमार एवम शिवम कुमार एवं स्कोरर की भूमिका में ऋषि कुमार थे।

आजाद हिंद हाफ मैराथन का हुआ आयोजन

संवाददाता

जामताड़ा ¬ नगर स्थित श्री श्री सार्वजनिक काली मंदिर ट्रस्ट स्टेशन रोड जामताड़ा के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर आजाद हिंद हाफ मैराथन का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्टेशन रोड कली मंदिर के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के तैलिय चित्र पे राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुशील मरांडी , समाजसेवी तरुण गुप्ता , ट्रस्ट अध्यक्ष प्रदीप सरकार , पिंकी सिंह , बाबू मिश्रा , महाप्रसाद दत्ता, नयन भट्टाचार्य ,रामू भट्टाचार्य , देबू सरकार , धुर्व नारायण सरकार , सुभाष नाग, जीतू सिंह दीपक दुबे एवं कुणाल सिंह ने मल्लार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किए। इस हाफ मैराथन प्रतियोगिता में पूरे जामताड़ा जिले के 113 बालक एवं बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिए । जिसमें टॉप 10 बालिका वर्ग में प्रथम नीतू कुमारी द्वितीय प्रीति कुमारी तृतीय अंजली कुमारी क्रमशः अवनि कुमारी, सुनीता कुमारी , मीना टुडू, अम्बावती मरांडी, अंजलि हेब्रम , अंजली कुमारी , कल्पना कुमारी वहीं बालक वर्ग में प्रथम सुजीत कु.मंडल, द्वितीय मनीष कुमार, तृतीय दिनेश मंडल क्रमशः सुधीर कुमार, अमित ठाकुर, अनमोल कुमार, सोहित कुमार, श्रीसंत मुर्मू , सत्यम कु.झा सभी विजेता खिलाड़ियों को कैश अवार्ड, स्मृति चिन्ह , मेडल एवं प्रशस्तिपत्र से सभी खिलाड़ियों को अतिथियों के द्वारा बारी-बारी से सभी प्रतिभागियों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मुख्य रूप से प्रतिस्पर्धा प्रभारी दीपक दुबे एवं कुणाल सिंह के अलावे वॉलिंटियर्स के रूप में मो.इम्तियाज अंसारी , विनय सिंह, सूरज पासवान, शांतनु सेन ,सोमनाथ दत्ता, सूरजीत घोष , आर्यन अंसारी, विंसेंट कीस्कु , रितु गोराय, श्रेया श्री के अलावे जिला प्रशासन के पुलिस बल एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा कर्मचारीयों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम के सफल संचालन के अवसर पर देबू सरकार ने बताया की यह कार्यक्रम बहुत ही सफलतापूर्वक आयोजन हुआ । श्री श्री सार्वजनिक काली मंदिर ट्रस्ट स्टेशन रोड जामताड़ा की और से समय-समय पर विभिन्न तरह के समाज हित के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और आगे भी हमारा प्रयास होगा की यूं ही निरंतर चलता रहे।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा क्लब द्वारा मनाई गई नेताजी की जयंती

गोड्डा ¬ नेताजी की 128वीं जयंती पर नगर क्षेत्र अंतर्गत रौतारा चौक स्थित नेताजी स्मारक पर गुरुवार को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस युवा क्लब की अगुवाई में माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं इस मौके पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा क्लब से जुड़े सभी सदस्यगण एवं नगर के गणमान्य अतिथिगणों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं क्लब की ओर से नेताजी स्मारक का साजो सज्जा के साथ ही लाइटिंग की भी व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष ध्यान कुमार झा, राष्ट्रीय विभूति मंच के सचिव राजेश झा, अधिवक्ता श्यामसुंदर दास, पवन कुमार झा, राकेश रोशन, अश्वनी कुमार उर्फ बबलू झा, संगम, सुमित वत्स सिंटू, दिलीप राउत, शिवेंद्र राउत, रोशन, राजेश, पिंटू, आर्यन, पंकज, मुन्ना, मंगल, सौरभ, पिंटू, रॉकी, विपीन, शंकर, बंटी सिंह, मोहन अग्रवाल, लखन, बिट्टू, क्रांति पासवान, अमन, मुकेश, बबलू सिंह, सनोज, गोपाल साह, बजरंगी, छोटू, लक्की, कार्तिक, नीतीश, सन्नी, पंकज, मुन्ना, मंगल, सौरभ, पिंटू, रॉकी, विपीन, शंकर, बंटी सिंह, मोहन अग्रवाल, लखन, बिट्टू, अमन, मुकेश, बबलू सिंह, गोपाल साह, बजरंगी, शैलेन्द्र राउत, लक्की, कार्तिक, नीतीश, सन्नी आदि उपस्थित थे।

सेवानिवृत शिक्षक के आकस्मिक निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

गोड्डा ¬ झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रेरणा स्रोत, अभिभावक, विचार के धनी, संघ को गति प्रदान करने वाले सेवानिवृत शिक्षक उपेन्द्र प्रसाद भंडारी के आकस्मिक निधन के उपरांत शिक्षक सदन गोड्डा में दिवंगत आत्मा की शांति हेतु गुरुवार को 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वहीं श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश महासचिव चक्रधर यादव, सीताराम सिंह, धर्मेंद्र कुमार झा, गंगाधर मंडल, शिवशंकर चौधरी, देवनन्दन साह, दीपनारायण यादव, शशि जी, धनेश्वर हेंब्रम, रामदेव यादव, निर्मल कुमार झा, जयकांत यादव, शंभू बाबू आदि उपस्थित थे।

मां की बरसी पर कंबल दान किया

गोड्डा ¬ जिला कुश्ती एवं हॉकी संघ के संयुक्त सचिव दयाशंकर ने बुधवार की आधी रात अपनी मां की बरसी के अवसर पर शहरी क्षेत्र के बस स्टैंड, सदर अस्पताल आदि जगह पर ठंड से ठिठुरते जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान किया। दया के इस दयालुता पूर्ण पहल की भूरी - भूरी प्रसंशा करते हुए संघ के सचिव सुरजीत झा ने इसे सबों के लिए अनुकरणीय बताया।

संत एंथोनी विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

जामताड़ा ¬ शहर के प्रतिष्ठित संत एंथोनी विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन पुलिस लाइन स्थित विद्यालय की नई शाखा में किया गया। कार्यक्रम में दौड़, कबड्डी, खो-खो, सेल्फ डिफेंस, वॉलीबॉल, गोला फेंक, चक्का फेंक, बैडमिंटन, चेस, जलेबी रेस, कोन बैलेंस, रस्साकशी समेत अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, उन्होंने अपनी प्रतिभाएं के साथ आत्मसंयम, समन्वय और अनुशासन का परिचय दिया। वार्षिक खेल महोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक आचार्य डॉ गोपाल कृष्ण झा सम्मिलित हुए। उन्होंने इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ विधिवत रूप से फीता काटकर, ध्वजारोहण व स्वस्थ खेल परंपरा का प्रतीक मसाल जलाकर किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को उनकी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल जगत आज अपने आप में सर्वांगीण विकास का बहुत ही व्यापक क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में आज युवाओं का सर्वांगीण भविष्य झलकता है, इसलिए इसे खेल में ना लें, बल्कि अपनी मेहनत में निखार लाएं और अनुशासित होकर अपने प्रदर्शन पर ध्यान दें। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के अधिकृत प्रतिनिधि मोहम्मद अजहर मोहम्मद अरसी, भागीरथ पंडित उपस्थित रहे। इस भव्य खेल महोत्सव में समाजसेवी चमेली देवी, कराली चरण सर्खेल व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय के मुख्य संरक्षक डॉ दुर्गा दास भंडारी, निदेशक डॉ चंचल भंडारी, प्राचार्य अरूप कुमार यादव, उप प्राचार्य लारेब खान तथा विजन-इ के सेक्रेटरी श्रीमती अपर्णा भंडारी ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पदक, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।मौके पर विद्यालय के मुख्य संरक्षक डॉ दुर्गादास भंडारी ने खेलकूद के महत्व बताते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल कूद को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया जिससे हमारी एकाग्रचित्तता बढ़ती है और पढाई में भी मन लगा रहता है। मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ चंचल भंडारी विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट तथा उपलब्धियां प्रस्तुत करते हुए कहा कि खेल जीवन का एक अभिन्न अंग है और पढ़ाई के साथ खेल के प्रति भी सकारात्मक मानसिकता रखनी जरूरी है।

श्री राम प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर दीप प्रज्वलन और प्रसाद वितरण कार्यक्र म आयोजित

महागामा ¬ अनुमंडल मुख्यालय के ब्लॉक चौक स्थित संकट मोचन धाम में बुधवार को भगवान श्री राम प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत पंडित राज किशोर पाठक के द्वारा बजरंगबली की पूजा आरती हवन के बाद संध्या समय दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना से हुई। स्थानीय भक्तों और मंदिर समिति के सदस्यों ने विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस मौके पर मंत्र उच्चारण विधि विधान से भगवान बजरंगबली को खीर भोग लगाकर सैकड़ो भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।जिससे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।वहीं भक्तों के द्वारा जय सियाराम जय घोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्री राम प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई।मौके पर मंदिर समिति के सदस्य दिलीप रविदास, अनिल यादव, रवि यादव, अजय भगत,भोला सिंह, महेश साह, जयराम यादव, दीपन रविदास, अवधेश कुमार, सुंदर कुमार, प्रिंस झा, अजय झा सहित मंदिर समिति अन्य सदस्य व श्रद्धालु मौजूद थे।

मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

गोड्डा ¬ गणतंत्र क्रीड़ा सप्ताह समारोह के तहत गुरुवार को पुरुष एवं महिला वर्ग का मैराथनदौड़ आयोजित किया गया। जहां मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग से प्रमोद सोरेन एवं महिला वर्ग में सवीना बास्की विजेता बनी। क्रीड़ा सप्ताह के तहत महिला मैराथन दौड़ के आयोजन का यह दूसरा मौका था। गत वर्ष ही महिला मैराथन को गणतंत्र समारोह क्रीड़ा में शामिल किया गया था। सिकटिया से गोड्डा प्लस टू विद्यालय तक आयोजित तकरीबन 5 किमी दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रमोद सोरेन प्रथम, श्याम देव चौड़े द्वितीय एवं जलालुद्दीन आलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही महिला वर्ग में सवीना बास्की ने प्रथम, शोभा कुमारी द्वितीय एवं आर. कुमारी तृतीय स्थान पर रही। सभी सफल प्रतिभागियों को समिति के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, खेल पदाधिकारी प्राण महतो ने पुरस्कृत किया। मौके पर समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

चोरों द्वारा ताला तोड़कर विद्यालय में चोरी

गोड्डा जिले के महगामा अनुमंडल अंतर्गत ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय चपरी अज्ञात चोरों ने बीती रात कार्यालय वाले कमरे का ताला तोड़कर कागजात से भरा एक थैला, पंजी सहित कई कागजात उड़ा ले गया। चोरों ने पेयजल के लिए लगाए गए पाइप सहित कई सामान क्षतिग्रस्त भी कर दिया।बुधवार को ही प्रधानाध्यापक द्वारा पेयजल संबंधी पाइप को सुरक्षित करने के लिए ढलाई कराया गया था जिसे रात्रि में ही अज्ञात चोरों ने पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि गुरुवार को विद्यालय में छुट्टी थी। इसके बावजूद प्रधानाध्यापक धनेश्वर प्रसाद साह जब ढलाई में पानी देने के ख्याल से विद्यालय आया तो देखा कि कार्यालय वाले कमरे का ताला टूटकर गायब है। जब कार्यालय के अंदर जाकर देखा तो कुर्सी पर रखा कागजात भरा थैला और टेबल पर रखा पंजी सहित कई आवश्यक कागजात व कई समान गायब था। पेयजल का पाइप को सुरक्षित करने के लिए किए गए ढलाई और पेयजल संबंधी पाइप पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त पाया। प्रधानाध्यापक धनेश्वर प्रसाद साह द्वारा इसकी लिखित सूचना ठाकुर गंगटी थाना में दी गई। चोरी की सूचना मिलने के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष गोपाल यादव, सदस्य जगदीश रविदास, सदस्या बीना देवी, माता समिति संयोजिका सुलेखा देवी, ग्रामीण हंसीलाल साह, शंकर यादव आदि ने भी विद्यालय आकर चोरी के घटना की जानकारी लिया।

सिद्धू कानू मॉडल स्कूल में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिद्धू कानू मॉडल स्कूल नाला में हर्षोल्लास के साथ नेताजी की जयंती समारोह मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव गोविंदनाथ माझी एवं प्रिंसिपल प्रीतम सरकार द्वारा नेताजी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर की गई तट पश्चात कक्षा अष्टम की छात्रा अंकिता दास एवं श्रुति सोनम ने नेताजी के श्रद्धांजलि स्वरुप देश भक्ति गीत प्रस्तुत की वहीं शिल्पी पाल ने शानदार एकल नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावे कार्यक्रम में राज राउत ,रिद्धि सिंह, सुप्रिया सेन, प्रीतम मंडल आदि छात्राओं ने नेताजी की जीवनी पर भाषण प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी छात्राओं को नेताजी की व्यक्तित्व और कृति के बारे में जानकारी दी और उनके मार्ग पर चलने एवं नेताजी की तरह बनने की कोशिश करने की बात कही। उन्होंने कहा कि नेताजी अपने सुख को छोड़, देश सेवा को प्राथमिकता दिया।

पराक्रम दिवस पर नेता जी के व्यक्तित्व पर हुई चर्चा

गोड्डा । नेताजी सुभाष चंद्र बोस अदभुत पराक्रमी और जीवट थे। उनका पराक्रम अद्वितीय है। नेताजी जैसे महामानव कभी मरते नहीं बल्कि प्रेरणा पुरुष के तौर पर जन - मानस के मन - मस्तिष्क में रहते हुए अमर हो जाते हैं। यही वजह है कि देश और दुनिया उनकी जयंती मनाती है। उक्त बातें गुरुवार सुभाष चन्द्र बोस स्मारक के समक्ष नेताजी की जयंती के अवसर पर आयोजित ÷पराक्रम दिवस समारोह÷ में बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव नें कही। समारोह के तहत विचार गोष्ठी का विषय प्रवेश लोक मंच सचिव सर्वजीत झा ÷अंतेवासी÷ ने तथा संचालन सुरजीत झा ने किया। साहित्यकार शिवकुमार भगत की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि अपने संबोधन में जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो ने कहा कि नेताजी देश के सच्चे सपूत थे। उनके अंदर अदम्य साहस तो था ही, वे गजब के दूरदर्शी भी थे।समारोह को सम्बोधित करने वाले अन्य गणमान्यों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बिनोद तिवारी, राष्ट्रीय विभूति मंच सचिव राजेश झा, डॉन बोस्को स्कूल के निदेशक अमित राय, विद्यापति सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्र व सचिव डॉ. बंशीधर मिश्र, वरीय अधिवक्ता दीना नाथ झा, कवि ओम प्रकाश मंडल एवं युवा समाजसेवी आकाश कुमार झा ने नेताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें महामानव की संज्ञा दी। इस अवसर पर सौ वर्षीय पंचानंद दत्ता, अभय पलिवार , अधिवक्ता विनय कुमार ठाकुर, समाजसेवी अखिल कुमार झा, कांग्रेस के युवा नेता राकेश रोशन झा, प्रो. डॉ. नूतन झा, दिलीप झा, अधिवक्ता अम्बोद ठाकुर, श्रवण अग्रवाल, दिवाकांत वत्स, ब्रजेश कुमार मंडल, अमित ठाकुर, अचल ठाकुर, मिथिलेश कुमार झा, नीतीश आनंद, अनिल पंडित, मजदूर यूनियन के नेता निरंजन सिंह, प्रभु झा, नुपुर नंदिनी सहित बड़ी संख्या में नेताजी के अनुयायी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जहां भारत भारती पब्लिक स्कूल की छात्रा दिव्या सिंह, खुशी कुमारी, निशु कुमारी एवं छात्र करण कुमार ने शिक्षक निखिल कुमार सिंह के नेतृत्व में देशभक्ति गीतों से समा बांधा। वहीं डीएवी की छात्रा आर्या वत्स के ओजस्वी भाषण पर खूब तालियां बजीं।

सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

